

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com बुधवार , 15 जुलाई 2026 | वर्ष: 04, अंक: 115 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# होर्मुज में जहाजों को निशाना बनाना बंद करें: भारत

## 28 फरवरी से अब तक खाड़ी क्षेत्र में 13 भारतीयों की गई जान, तीन लापता: सरकारी सूत्र,भारत ने कड़ा विरोध जताया

**नई दिल्ली/एजेंसी**
भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में मंगलवार सुबह दो व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब कर भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर इस तरह के हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमले का शिकार बने दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे। इनमें एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हुए हैं। भारत ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। भारत ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव चिंता का विषय है। उसने सभी पक्षों से हिंसा रोकने, बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट जैसे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर जहाजों की सुरक्षित आवाजाही और व्यापार हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ईरानी डिप्लोमेट्स भारतीय विदेश मंत्रालय (टएअ) के मुख्यालय से निकलते हुए। इस बीच विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि भारत से जुड़े 11 जहाज और 148 भारतीय नाविक फिलहाल फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। ये सभी जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने का इंतजार कर रहे हैं।

**अमेरिका की ईरान पर 5 घंटे बमबारी:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, अमेरिकी सेना ने ईरान के शहरों पर 5 घंटे तक बमबारी की और बुशहर, चाबहार, जास्क, कोनार्क, अबू मूसा और बंदर अब्बास स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।





## डॉनल्ड ट्रम्प बोले- होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर 20% टैक्स

अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा करेगा। इसके बदले हर कार्गो पर 20% शुल्क वसूलेगा। ईरानी जहाजों और उसके ग्राहकों पर नई पाबंदियां लागू कीं।

**ईरान का जवाब- सुरक्षा हम देते हैं, लेकिन 20% ज्यादा:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रम्प के बयान का जवाब देते हुए कहा कि सुरक्षित समुद्री रास्ता उपलब्ध कराने वाले को भुगतान मिलना चाहिए और यह जिम्मेदारी हमेशा से ईरान निभाता आया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 20 प्रतिशत तो बहुत ज्यादा है। हम उचित शुल्क लेंगे।

**अमेरिका ने ईरान के सबमरीन और नेवल बेस पर हमला किया:** ने बंदर अब्बास स्थित सबमरीन और नेवल मेंटेनेंस फैसिलिटी पर सी-ड्रोन से हमला किया। अईरान की नौसैनिक क्षमता को निशाना बनाया।

### होर्मुज पर ट्रंप के टोल प्लान को ब्राजील ने बताया 'समुद्री डकैती', ब्रिटेन ने भी जताई

**ब्रासीलिया/लंदन**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों के कार्गो पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने के प्रस्ताव का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध तेज हो गया है। ब्राजील और ब्रिटेन ने इस योजना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर इस तरह का शुल्क वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों के खिलाफ है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने ट्रम्प की योजना की आलोचना करते हुए इसे "समुद्री डकैती" करार दिया।

## फारस की खाड़ी में सबसे ज्यादा भारतीय नाविकों की मौत हुई

**नई दिल्ली/एजेंसी**
विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया में हो रही घटनाओं पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत लगातार होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते सुरक्षित और जहाजों की निर्बाध आवाजाही और व्यापार जारी रखने की अपील करता है। उन्होंने कहा कि यह पूरी दुनिया के लोगों की आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है।

**हमले में भारतीय नागरिक की मौत पर क्या कहा?**
एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने ईरान के उप मिशन प्रमुख को तलब करने के बाद इस मामले पर एक बयान जारी किया।
प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने ईरानी पक्ष के सामने अपनी गहरी चिंता सामने रखी और जो कुछ हुआ उसकी कड़ी निंदा की।
उन्होंने कहा कि इस घटना में भारत ने एक नागरिक को खो दिया है और कई भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।



### भारत ने इस मामले में ईरान के सामने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया

भारत ने इस मामले में ईरान के सामने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है और साफ कहा है कि ऐसे हमले जल्द से जल्द रुकने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि तनाव कम करने की जरूरत है। दोनों पक्षों को बातचीत की मेज पर आना चाहिए और संवाद व कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए, ताकि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता कायम की जा सके।

**'खाड़ी में हमलों में सबसे अधिक भारतीय नाविकों की मौत हुई'**
विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि खाड़ी में हुए हमलों में सबसे ज्यादा भारतीय नाविकों की मौत हुई है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने फारस की खाड़ी में फंसे भारतीय जहाजों और नाविकों को लेकर कहा, आपने जो सवाल पूछा, उससे जुड़ी पूरी जानकारी इस समय मेरे पास नहीं है। लेकिन मैं बता सकता हूं कि कल रात जिन दो जहाजों पर हमला हुआ, उनमें कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे।

# सरकार ने सेवा सूचकांक किया जारी, अप्रैल में 14 उप-क्षेत्रों में दहाई अंक में वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली/एजेंसी**
सरकार ने मंगलवार को पहला उप-क्षेत्रवार आधारित सेवा उत्पादन परीक्षण सूचकांक को जारी किया है। इससे पता चलता है कि अप्रैल, 2026 में संगठित सेवा क्षेत्र के 19 में से 14 उप-क्षेत्रों में दहाई अंक में वृद्धि दर्ज हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अप्रैल 2026 के लिए 19 उप-क्षेत्रों के लिए सेवा उत्पादन सूचकांक का पहला संस्करण जारी किया है। इसमें 14 उप-क्षेत्रों में दहाई अंक में वृद्धि दर्ज हुई है। इसके बाद हर महीने की 29 तारीख को सेवा उत्पादन सूचकांक-आईएसपी जारी किया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक इन उप-क्षेत्रों में थोक व्यापार, खुदरा, आवास और भोजन, सड़क परिवहन, हवाई परिवहन, दूरसंचार और बैंक शामिल हैं। ये सेवा क्षेत्र का लगभग 60 फीसदी हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। परीक्षण के तौर पर जारी सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) का आधार वर्ष 2024-25 है। इसके अनुसार रेलवे और हवाई परिवहन को छोड़कर, सभी श्रेणी में अप्रैल, 2026 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।









4 1

# फरार घोषित आरोपित को सामान्यतः अग्रिम जमानत नहीं मिल सकती : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फिर कहा कि जो आरोपी अदालत की कार्यवाही और जांच से जानबूझकर बचता है तथा फरार घोषित हो चुका हो, उसे सामान्यतः अग्रिम जमानत जैसी असाधारण राहत नहीं दी जा सकती। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की पीठ ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि बिना किसी वैध या संतोषजनक कारण के अदालत की प्रक्रिया से बचने वाले और फरार घोषित किए गए आरोपी को अग्रिम जमानत देने का सामान्य नियम नहीं है।

मामले में दर्ज एफआईआर में आरोप है कि आरोपी माशू उर्फ अमन जोशी के खिलाफ थाना - छाता, जिला - आगरा में मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उसने विवाह का झांसा देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाए, जबकि वह पहले से विवाहित था। जब पीड़िता को उसकी शादीशुदा होने की जानकारी मिली और



उसने विवाह के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया और कथित रूप से उसे धमकाया। लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने 31 जनवरी 2026 को आत्महत्या कर ली। आरोपी ने हाईकोर्ट में दलील दी कि उसने पीड़िता को आत्महत्या के लिए न तो उकसाया और न ही उसकी कोई ऐसी मंशा थी जिससे आत्महत्या का अपराध बनता हो।

वहीं, राज्य सरकार और शिकायतकर्ता की ओर से बताया गया कि आरोपी पहले एफआईआर रद्द कराने हाईकोर्ट आया था, जहां उसे आत्मसमर्पण कर नियमित जमानत लेने को कहा गया था। लेकिन उसने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया, जिसके बाद उसके खिलाफ धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई शुरू हुई। बाद में उसने जांच में सहयोग का आश्वासन देकर वह कार्रवाई निरस्त कराई, लेकिन इसके बावजूद वह फिर जांच से बचता रहा और दोबारा उद्घोषणा की कार्रवाई शुरू करनी पड़ी।

इन परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी ने स्वयं दिए गए आश्वासन का भी पालन नहीं किया और जानबूझकर जांच एजेंसी की पहुंच से बाहर रहा। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि फरार या उद्घोषित अपराधी सामान्यतः अग्रिम जमानत का हकदार नहीं होता। इन्हीं कारणों से अदालत ने माना कि यह मामला अग्रिम जमानत देने योग्य दुर्लभ और असाधारण श्रेणी का नहीं है और आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया।

## डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पश्चिम शरीरा का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बायोमेट्रिक उपस्थिति तत्काल क्रियाशील कराने एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित बनाएं रखने के दिए निर्देश**



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,पश्चिम शरीरा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने ओ.पी.डी. रजिस्टर का अवलोकन करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली क्रियाशील न पाए जाने एवं अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को तत्काल क्रियाशील कराया जाए तथा अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए एवं उन्हें समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर में खड़ी एम्बुलेंस का भी निरीक्षण कराया। जांच में एम्बुलेंस में मानक के अनुरूप सभी आवश्यक उपकरण एवं दवाएं उपलब्ध पाई गईं।

## साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0, साइबर जागरूकता अभियान एवं नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक करते हुए साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला अधिकारों तथा नए आपराधिक कानूनों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही सास-बहू सम्मेलन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला सुरक्षा योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा सहित महिला हेल्पडेस्क, एंटी रोमियो टीम, मिशन शक्ति केंद्र एवं संबंधित थानों के सीयूजी नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## दो दम्पति को एक साथ रहने हेतु किया गया राजी



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशन में वैवाहिक विवादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा प्रयास किया जा रहा है जिसके क्रम में मंगलवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद सम्बन्धी मामले में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित आये। महिला सैल/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए 02 प्रार्थना पत्र में दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। प्रभारी महिला सैल/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

## जानलेवा चाइनीज मांझे के खिलाफ आगे आए व्यापारी

**जीएसटी अधिकारियों के साथ बनी सहमति**



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नजीबाबाद के कार्यक्रम में जीएसटी विभाग अधिकारियों की एक संवाद गोष्टी अग्रवाल धर्मशाला नजीबाबाद में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख जीएसटी डिप्टी कमिश्नर शैलेंद्र सिंह ने शासन के आदेश अनुसार चाइनीज माजे के बारे में पूर्ण रूप से बंद करने के लिए कहा। चाइनीस माजे से आए दिन होने वाली घटनाओं को रोकने हेतु व्यापारी से सहयोग की अपील की है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष माननीय कपिल सर्राफ जीके नेतृत्व में काफी संख्या में व्यापारियों ने चाइनीस मजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जीएसटी राजपाल सिंह राज्य कर अधिकारी खंड नजीबाबाद जीएसटी राज्य कर अधिकारी तरमिनदर सिंह जीएसटी राज्य कर अधिकारी दुर्विजय सिंह नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी नगर सचिव धीरज झा, जिला महासचिव रईस कुरैशी युवा नगर अध्यक्ष शेर अली शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा शाखा अध्यक्ष आसिफ शाखा अध्यक्ष शाहबाज शाखा अध्यक्ष असलम अब्बासी अंशुल मेहरा पंकज अग्रवाल अमित अग्रवाल शेखर कुमार, हाजी विशाल कुरैशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने की तथा संचालन नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने किया।

## छात्रा से छेड़छाड़ के दो दोषियों को चार-चार साल की सजा

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कोचिंग से घर लौट रही नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के करीब छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए चार-चार साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर जुमार्ना भी लगाया गया है।

अभियोजन के अनुसार, 27 नवंबर 2020 को तिलक नगर स्थित कोचिंग से घर लौट रही छात्रा को दयालपुर निवासी साजिद और उसके भाई सादाब ने बाइक से रोक लिया था।

## शादी का झासा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ़्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** 25 अक्टूबर 2025 को थाना सराय अकिल पर वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त हरिओम पुत्र केशव बहला-फुसलाकर भगा ले गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सराय अकिल में तत्काल सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था । पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुये बयान व साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 69 बीएनएस व 5छ/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी ।

मंगलवार को थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हरिओम पुत्र केशव निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को पटेल चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है ।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

**कौशांबी ।** 23 अप्रैल को थाना कौशाम्बी पर एक वादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी नाबालिग पुत्री को आरोपी लड़का बहला-फुसलाकर भगा ले गया है । जब उसके घर इसकी शिकायत करने गये तो उसके परिजन द्वारा गाली गलौज किया गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कौशाम्बी में तत्काल सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था । पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुये बयान व साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी । उपरोक्त क्रम में मंगलवार को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को फतेहपुर चौराहा के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।

# फतेहपुरः चोरी की दो भैंसों समेत दो आरोपी गिरफ्तार, लोडर वाहन भी बरामद




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर।** बिंदकी थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई दो भैंसें तथा घटना में प्रयुक्त एक लोडर वाहन बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में एक और धारा की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार मीरखपुर शुक्लाना गली निवासी मुकेश कुमार पाल ने 13 जुलाई को तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने सुबह करीब 10 बजे विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित बाग में अपनी दो भैंसें बांधी थीं। दोपहर करीब 12 बजे जब वह उन्हें देखने पहुंचे तो दोनों भैंसें गायब थीं। काफी तलाश के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर थाना बिंदकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा संख्या 242/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बिंदकी के नेतृत्व में गठित टीम ने विवेचना और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नौधी खेड़ा के पास नहर के बांध से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल पाल (24), निवासी मीरखपुर शुक्लाना गली तथा जब्बा हुसैन उर्फ जब्बार खान (34), निवासी वारसी नगर बड़ा कुआं, थाना बिंदकी के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दोनों भैंसें और घटना में प्रयुक्त लोडर वाहन (संख्या यूपी-71 एटी-1703) बरामद किया।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे से दोनों भैंसें चोरी कर पहले नहर किनारे सुनसान स्थान पर छिपा दी थीं। रात में लोडर से उन्हें कानपुर ले जाकर बेचने की योजना थी, लेकिन रास्ते में लोडर खराब हो गया। दोनों आरोपी मिस्त्री बुलाने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें चोरी की भैंसों और वाहन समेत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया।

# पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या एवं सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधित्व से संबंधित आंकड़ों की समीक्षा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग के सदस्य संतोष कुमार विश्वकर्मा, बृजेश कुमार, एस.पी. सिंह एवं डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया सहित जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी कृष्णा कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अरविन्द कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, प्रशासक जिला पंचायत तथा जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ब्लॉक प्रमुख, मसौधा एवं तारुन तथा ग्राम पंचायतों के प्रशासक उपस्थित रहे। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को आयोग के गठन के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या एवं सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधित्व से संबंधित आंकड़ों की समीक्षा की गई। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनपद की कुल जनसंख्या "19,37,638" है, जिसमें पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या "9,83,386", अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या "680", अनुसूचित जाति की जनसंख्या "4,74,966" तथा सामान्य वर्ग की जनसंख्या "4,78,906" है। जनपद में पिछड़ा वर्ग की आबादी कुल जनसंख्या का लगभग "50.75 प्रतिशत" है।

ैठक के दौरान आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या, सामाजिक स्थिति एवं स्थानीय निकायों में प्रतिनिधित्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जनप्रतिनिधियों ने वर्तमान आरक्षण व्यवस्था के संबंध में अपने सुझाव भी आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए। आयोग ने प्राप्त तथ्यों एवं सुझावों के आधार पर निष्पक्ष एवं अनुभवजन्य अध्ययन सुनिश्चित करते हुए अपनी संस्तुतियां शासन को उपलब्ध कराने की बात कही।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,टेवा का डीएम ने किया निरीक्षण,



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,टेवा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने विभिन्न ट्रेडों की कार्यशाला, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं परिसर के निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने अनुशासन बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

प्रधानाचार्य रूद्र कुमार गौतम ने जिलाधिकारी को संस्थान की उपलब्धियों, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

## हत्या का प्रयास करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी ।** 19 जून को थाना मंझनपुर वादी सुनील कुमार पुत्र दर्गा प्रसाद निवासी ग्राम सेहिया आमद करारी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि खाद पाटने को लेकर हुये विवाद में फूलचन्द, मंजीत, कुलदीप व संदीप द्वारा कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड व लाठी-डण्डों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिये । जिससे मेरा व तुर्रा का सर फट गया है तथा अन्य लोगो को भी चोटे आयी है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंझनपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था ।

मंगलवार को मंझनपुर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना के आधार पर उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित 4 वांछित अभियुक्तों फूलचन्द पुत्र स्व0 चौबे . मंजीत पुत्र राम सरेमन . कुलदीप पुत्र महेश . संदीप पुत्र महेश निवासीगण सेहिया आमद करारी थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को पतौना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 04 बास के डण्डे बरामद किया।

## महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक




**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर ।** एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित अभियान ह्यमिशन शक्ति अभियान के फेज-5.0 के द्वितीय चरणह्न के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर जागरुक किया गया ।

मंगलवार को अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति / एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cyber-crime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया ।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तैयार हरार्वाला रेलवे स्टेशन का लोकार्पण 17 जुलाई को

**मुरादाबाद।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल स्थित हरार्वाला रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। स्टेशन पर सभी निर्धारित विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। हरार्वाला रेलवे स्टेशन का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम 17 जुलाई को होगा। जिसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने मंगलवार शाम को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय रेल द्वारा देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, यात्री-अनुकूल एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मुरादाबाद रेल मंडल के हरार्वाला रेलवे स्टेशन को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। स्टेशन के




सकुर्लेटिंग क्षेत्र का विकास एवं सौंदर्यीकरण किया गया है तथा आकर्षक प्रवेश द्वार (एंट्रेंस पोर्च) का निर्माण किया गया है। स्टेशन भवन के अग्रभाग को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए वातानुकूलित प्रतीक्षालय, पुरुष एवं महिला यात्रियों के लिए आधुनिक शौचालय तथा दिव्यांगजन-अनुकूल शौचालय की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त सुव्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र का विकास, रैंप,प्लेटफार्मों का पुनः सतहीकरण तथा विशाल प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण भी किया गया है।

स्टेशन पर किए गए इन विकास कार्यों से यात्रियों को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ, सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। स्टेशन का नया स्वरूप आधुनिक रेल अवसंरचना के साथ-साथ स्थानीय परिवेश एवं क्षेत्रीय पहचान को भी प्रतिबिंबित करता है। बेहतर यात्री सुविधाओं, सुगम आवागमन तथा आकर्षक स्टेशन परिसर से यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होंगी। मुरादाबाद मंडल द्वारा स्टेशन पर सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कर लिए गए हैं।

# अयोध्या ने पंजाब के युवक को पंजाबी भगवान बना दिया, श्री मणिराम दास छावनी में दी गई श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** श्री मणिराम दास छावनी में साकेतवासी संत कृपालु रामदास महाराज (पंजाबी महाराज) की स्मृति में राधेश्याम शास्त्री महाराज ने उनके जीवन पर भावपूर्ण संस्मरण सुनाया। संस्मरण सुनकर उपस्थित संत, भक्त और श्रद्धालु भावुक हो उठे। शास्त्री महाराज ने कहा कि "अयोध्या सिद्धों की सराय है और इसी सराय के अनमोल हीरा थे पूज्य पंजाबी महाराज। ऐसे महापुरुष कभी नहीं मरते, वे अपने आदर्शों और तपस्या के रूप में सदैव जीवित रहते हैं।

"राधेश्याम शास्त्री महाराज ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पूर्व 26-27 वर्ष का एक तेजस्वी पंजाबी युवक वैराग्य की भावना से प्रेरित होकर चित्रकूट के रास्ते अयोध्या पहुंचा। उसके भजन, सेवा और समर्पण से प्रभावित होकर पूज्य महंत श्री नृत्यगोपाल दास जी महाराज ने उसे दीक्षा देकर 'कृपालु रामदास' नाम प्रदान किया। उसी क्षण से उसकी जीवनधारा पंजाब से सरयू तट स्थित अयोध्या की ओर सदा के लिए मुड़ गई। उन्होंने कहा कि दीक्षा के बाद वह संत कभी पंजाब नहीं लौटा। गोमुख, गंगोत्री, प्रयाग, पुष्कर सहित अनेक तीर्थों में योग, ध्यान, तप और साधना का अमृत ग्रहण करते हुए जब वह पुनः अयोध्या आया तो शीघ्र ही संत समाज और श्रद्धालुओं के बीच 'पंजाबी बाबा', 'पंजाबी महाराज' और 'पंजाबी भगवान' के नाम से विख्यात हो गया। मणिराम दास छावनी में उन्होंने ट्रस्ट के सचिव के रूप में गुरुदेव के सबसे



विश्वसनीय सहयोगी बनकर लगभग पांच दशक तक निष्ठापूर्वक सेवा की। शास्त्री महाराज ने बताया कि पंजाबी महाराज का जीवन सादगी, तप और त्याग की अद्भुत मिसाल था। छावनी की साधारण दो छोटी कोठरियों में रहते हुए उन्होंने कभी धन, संपत्ति, भूमि या भवन के प्रति मोह नहीं रखा। उनकी साधु-चर्या प्रतिदिन रात्रि दो से ढाई बजे प्रारंभ हो जाती थी। भगवान शालग्राम, गुरुदेव और ऋषि जी महाराज की उपासना में उनका अधिकांश समय व्यतीत होता था।

वे एकांत साधना, भजन, गुरु-भक्ति और परमार्थ के पर्याय बन चुके थे।उन्होंने कहा कि पंजाबी महाराज ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सच्चे संत का वैभव उसके त्याग, सेवा और साधना में होता है, न कि भौतिक संसाधनों में। लगभग पांच दशक तक उन्होंने मणिराम दास छावनी में रहकर साधुता, परमार्थ, एकांत साधना और आध्यात्मिक अनुशासन का ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया, जो संत समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

राधेश्याम शास्त्री महाराज ने अपने संस्मरण के अंत में कहा कि पंजाबी महाराज का जीवन संत, साधक और गृहस्थ समाज के लिए प्रकाश-स्तंभ के समान है। उनकी पावन स्मृतियां सदैव साधना के पथ पर चलने की प्रेरणा देती रहेंगी। ऐसा अवसर आ गया कि गुरु अपने शिष्य को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, मणिराम दास छावनी के पीठाधीश्वर महंत नृत्य गोपाल दास इस अनमोल शिष्य के गुरु है। पंजाबी भगवान के कुछ चुनिंदा शिष्य हैं जिनमें गुजरात के डॉ. रंजीत सिंह, मुंबई के डॉ. चंद्रमौली द्विवेदी, लखनऊ के शरद जी, प्रमोद पांडेय, शत्रुघ्न कसौधन सहित दर्जनों की संख्या हैं।

## 'एक पेड़ माँ भारती के नाम' अभियान के तहत एन.सी.सी. कैडेटों ने किया वृक्षारोपण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**नवाबगंज।** रामदुलारी बाचा्लाला जायसवाल पी.जी. कॉलेज, नवाबगंज में मंगलवार को "एक पेड़ माँ भारती के नाम" अभियान के अंतर्गत एनसीसी इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर ए.एन.ओ. आशुतोष गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और वृक्षारोपण से ही स्वच्छ एवं हरित भविष्य का निर्माण संभव है।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विजय गुप्ता ने कैडेटों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पौधे लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उनकी नियमित देखभाल करना भी आवश्यक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर योगदान देने का आह्वान किया।

इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी सोनू केशरवानी, ए.एन.ओ आशुतोष गुप्ता, सी.टी.ओ सुमन पटेल , सी.टी.ओ स्वदेश पटेल, जी.सी.ए सपना साहू, आनंद पांडेय, कौशल सिंह, सुनीता देवी, राजेश जायसवाल एवं पंकज पटेल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों में यू.ओ स्नेहा सिंह, रोशनी विश्वकर्मा, कार्तिक पांडेय, शोभित मौर्य सहित सभी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## सिकंदरा और धोसड़ा उपकेंद्र की आज दिन में चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया।** उपकेंद्र सिकंदरा और धोसड़ा की बिजली आपूर्ति आज बुधवार को दिन में दस बजे से दो बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ सिकंदरा विमल यादव एवं अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि तैंतीस हजार केवीए की लाइन पर दिन में कार्य होने के चलते दिन की विद्युत आपूर्ति चार घंटे तक बंद रहेगी। उपभोक्ता अपने जरूरी कार्य दिन में दस बजे के पहले ही निपटा लें। ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मैलहन में कृषि बीज भंडार फूलपुर द्वारा किसानों को नि :शुल्क मिनी किट बीज वितरण का किया गया आयोजन

### किसानों को नि:शुल्क मिनी किट बीज मिलने से खुशी

**मौजी लाल रावत**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि को बढ़ावा देने के लिए कृषि बीज भंडार फूलपुर द्वारा निःशुल्क मिनी किट बीज मंगलवार को विकास खंड फूलपुर के ग्राम सभा मैलहन व सोनखरी में आयोजित मिनी किट बीज वितरण का आयोजन प्रभारी बीज भंडार कृषि कल्याण केन्द्र फूलपुर के धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सोनखरी व मैलहन गांव के लगभग पन्द्रह किसानों को मिनी किट बीज वितरण करके शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को बाजरा अरहर के बीज वितरित किये गये। जिससे पाकर किसानों के चहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस अवसर पर धर्मेन्द्र सिंह द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी भी दी गई। मौके पर मसूद अहमद सत्यम तिवारी, राहुल पटेल, राकेश कोटेदार सुनील कुमार मुन्ना सरिता नेता अनीता देवी, राम (राज) शर्मा राजेश कुमार राजू आदि किसान उपस्थित रहे।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा चोरी से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज प्रताप कौशल पुत्र मुंशीलाल निवासी मकान नंबर 119 मौलवीगंज राजापुर थाना कैंट कमिश्नरेट प्रयागराज को मुखविर खास की सूचना पर देर रात को अंबिका टावर के पास थाना क्षेत्र सिविल लाइन्स से गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

## कैण्ट पुलिस द्वारा दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज ।** थाना कैण्ट पुलिस द्वारा 2 वारंटी अभियुक्तों जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी बेली हास्पिटल कैम्पस थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज . इरफान पुत्र स्व0 इसराइल निवासी 37 बेली हास्पिटल कैम्पस थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को बेली अस्पताल गेट नं0 1 के पास थाना क्षेत्र कैण्ट से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि वादिनी श्रीमती रिंकी पत्नी स्व0 मनोज नि0 मकान न0- 19 मलाक राज थाना कीडगंज प्रयागराज द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि उक्त अभियुक्तों द्वारा वादिनी के पति के साथ मारपीट की गई जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

उ0नि0 मनीष कुमार उपाध्याय. उ0नि0 रघुवीर यादव. हे0का0 गुलाब सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 728 प्रशिक्षार्थियों का किया गया चयन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मां गायत्री महाविद्यालय मवैया नैनी, प्रयागराज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी एक्साइड इंडस्टरीज , सिल्वर स्पार्क, शाही एक्सपोर्ट, गोकुलदास इंडिया, अरविंद मिल्स, जेएसडब्ल्यू पेंट्स, ए बी पीपल कार्ड प्राइवेट लिमिटेड, ब्लिंकिट जैसी इत्यादि 22 कम्पनियों में 1651 प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनमें 728 प्रशिक्षार्थियों का चयन विभिन्न कम्पनियों द्वारा किया गया है। इस अवसर पर कौशल विकास के जिला समन्वयक अशोक कुमार, मां गायत्री ग्रुप कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल श्रीवास्तव, कौशल विकास के मैनेजर अभिषेक शुक्ला व अरविंद चौरसिया, डीपीएम सुभाष कुमार एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में जून माह में मोबाइल यूनिट से 50 ओपीडी में 7053 मरीजों को मिला चिकित्सकीय परामर्श

**गोरखपुर।** गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधा सुलभ कराने में जुटी योगी सरकार की मंशा को पूरा करने में गोरखपुर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा के संचालन में गोरखपुर पूरे प्रदेश में अव्वल बन गया है। सीएम डैशबोर्ड जून माह की रैंकिंग में गोरखपुर को पहला स्थान मिला है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिये ओपीडी संचालन से गांव-गांव तक, ग्रामीणों को बिना भागदौड़ के चिकित्सकीय सेवा मिल रही है। मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालन में गोरखपुर जिले ने जून माह में प्रदेशभर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

## कार डिवाइडर से टकराई एक युवक की मौत तीन घायल पुलिस जांच में जुटी

**संजीव विश्वकर्मा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बिजनौर**, बिजनौर जिले के नजीबाबाद-बिजनौर रोड पर सड़क हादसे में एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार देर रात करीब 11:30 बजे हई। किरतपुर थाना पुलिस को पीआर वी के माध्यम से सूचना मिली कि एक वैगनआर कार यूपी 14 बीबी



3535 नजीबाबाद से बिजनौर की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। दुर्घटना में कार सवार चार लोग घायल हुए। इनमें बिजनौर के मोहल्ला चाहशीरी निवासी उमैर (पुत्र नदीम), आयान (पुत्र इब्राहिम) और अरीब (पुत्र रफीक) शामिल थे। इनके साथ मोहल्ला लाडपुरा निवासी आयान (पुत्र अबरार) भी घायल हुए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने आयान पुत्र अबरार को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों का उपचार बिजनौर के जिला मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कीरतपुर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि सभी तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 25 मिनट में मिला गुम हुआ 8 वर्षीय बालक, जीआरपी प्रयागराज ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों को सौंपा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जीआरपी प्रयागराज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन से लापता हुए 8 वर्षीय बालक को महज 25 मिनट में सकुशल बरामद कर ऑपरेशन मुस्कान के तहत उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस महानिदेशक रेलवे, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के निर्देश पर रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण तथा ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक जीआरपी प्रयागराज अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार, रामपुर जनपद के थाना



कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम खन्ना निवासी जय सिंह ने मंगलवार दोपहर करीब 12:30 बजे जीआरपी थाना प्रयागराज पहुंचकर सूचना दी कि उनका 8 वर्षीय नाती नितिन पुत्र धर्म सिंह प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या-1 से अचानक लापता हो गया है।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक, दिवसाधिकारी एवं क्यूआरटी टीम को तत्काल सक्रिय करते हुए बालक की तलाश के निर्देश दिए।

पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की और खोजबीन शुरू कर दी। त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने महज 25 मिनट के भीतर प्लेटफार्म संख्या-1 के हावड़ा छोर से बालक नितिन को सकुशल बरामद कर लिया।

इसके बाद बालक को जीआरपी थाना लाकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत उसके दादा जय सिंह के सुपुर्द कर दिया गया।

अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया। वहीं स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और आमजन ने भी जीआरपी प्रयागराज की तत्परता एवं सराहनीय कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## 22 जुलाई को गंगापार जिले में एक साथ होगा भाजपा का बूथ सम्मेलन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी (गंगापार) के सांगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ तथा सक्रिय बनाने के लिए आगामी 22 जुलाई 2026 को गंगापार की सभी पांचों विधानसभाओं में एक साथ, एक ही दिन विशाल 'बूथ अध्यक्ष सम्मेलन' का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

इस वृहद आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मनोज कुमार निषाद (विन्द) (जिला महामंत्री) को इस सम्मेलन का जिला संयोजक बनाया गया है। वहीं, अनिरुद्ध सिंह पटेल (जिला महामंत्री) और सन्तोष कुमार शुक्ल (जिला महामंत्री) को जिला सह-संयोजक की कमान सौंपी गई है।

गंगापार जिले के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्थानीय संयोजकों और स्थलों की घोषणा कर दी गई है। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा गंगापार उमेश तिवारी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान के निर्देश पर इसके तहत फाफामऊ विधानसभा में संगीता पटेल (जिला मंत्री) को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया है और इसका आयोजन सागर गेस्ट हाउस, कौड़िहार, प्रयागराज में होगा। सोरांव विधानसभा के लिए भूपेन्द्र प्रताप सिंह (जिला कार्य समिति सदस्य) संयोजक होंगे और कार्यक्रम कीर्तिमान गेस्ट हाउस, सिंसई सिपाह, कमलानगर, सोरांव, प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। फूलपुर विधानसभा की जिम्मेदारी किरन त्रिवेदी (जिला उपाध्यक्ष) को दी गई है और यहाँ का स्थल छत्रपति शिवाजी महाराज डिग्री कॉलेज, सहसों, प्रयागराज तय हुआ है। प्रतापपुर विधानसभा के लिए ईश्वर चन्द्र विन्द (जिला उपाध्यक्ष) संयोजक बनाए गए हैं और कार्यक्रम स्थल मनोज पाठक (मण्डल अध्यक्ष) का निवास, वरुणा, हरीभानपुर वरना, प्रतापपुर रहेगा। इसी तरह हण्डिया विधानसभा के लिए महेश पाण्डेय (जिला उपाध्यक्ष) को संयोजक नियुक्त किया गया है।

## सीवर की सफाई करने उतरा श्रमिक हुआ मूर्छित, उपचार के दौरान मौत



**नोएडा।** थाना फेस- 2 क्षेत्र के गेझा गांव में नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा सीवर की सफाई का कार्य करवाया जा रहा था। मंगलवार की शाम को सफाई करने के लिए सीवर में घुसे एक कर्मचारी मूर्छित हो गया। उसे पुलिस और फायर ब्रिगेड ने सीवर से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर देर रात को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

अपर पुलिस उपयुक्त जोन द्वितीय स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना फेस-2 पुलिस को मंगलवार की शाम को सूचना मिली कि गेझा गांव गांव में शिवा नामक मजदूर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा करवाए जा रहे सीवर की सफाई का काम करने के लिए सीवर में उतरा था, लेकिन वह बाहर नहीं आया। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर फायर ब्रिगेड और थाना फेस-दो पुलिस पहुंची।

उन्होंने बताया कि रेस्क्यू करके सफाई कर्मी को सीवर से बाहर निकला गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर देर रात को डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्हें बताया कि अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि सीवर के अंदर फैली जहरीली गैस की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई है।

## किसानों को नई पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा आम महोत्सव : रमेश अवस्थी

**कानपुर।** भारत की कृषि परंपरा हमारी सबसे बड़ी ताकत है और किसानों का सम्मान राष्ट्र के सम्मान के समान है। आम महोत्सव किसानों को नई पहचान दिलाने के साथ उनकी उपज को व्यापक मंच उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा। यह बातें कानपुर मंगलवार को नगर सांसद रमेश अवस्थी ने आयोजित आम महोत्सव कार्यक्रम में कहीं।

किदवई नगर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के संस्कार मैदान में आयोजित आम महोत्सव का कार्यक्रम किया गया। जिसमें हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी, जहां देश के विभिन्न जनपदों से आए आम उत्पादक किसानों को सम्मानित किया गया। महोत्सव में दशहरी, लंगड़ा, चौसा, सफेदा सहित 100 से अधिक प्रजातियों के आम प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह रहा।

सांसद रमेश अवस्थी ने विभिन्न जनपदों से आए आम उत्पादक किसानों को सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में कानपुर देहात के कुलदीप सचान, कल्याणपुर के मनोज गर्ग, भीतरगांव के वीरेंद्र कुमार, घाटमपुर के एच.बी. सिंह, सीतापुर के देवेंद्र वर्मा तथा लखनऊ के नदीम सहित अन्य किसान शामिल रहे।

महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण फिल्म अभिनेता रंजीत की मौजूदगी रही। उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने के लिए लोगों में उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान सांसद के पुत्र सचिन अवस्थी के जन्मदिन पर भी उपस्थित लोगों ने शुभकामनाएं दीं। समापन पर शुभम अवस्थी ने सभी अतिथियों, किसानों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक महेश त्रिवेदी, राहुल बच्चा सोनकर, सलिल विश्नोई, सरोज कुरील, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, अनिल दीक्षित, अनुप अवस्थी, पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अमृत स्टेशन विशेष: विकास के नए स्वरूप के साथ तैयार है फतेहपुर रेलवे स्टेशन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** गंगा और यमुना जैसी पावन नदियों के मध्य स्थित फतेहपुर, प्रयागराज और कानपुर के बीच अपनी महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति के कारण लंबे समय से यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र रहा है।

यह स्टेशन उत्तर भारत के सबसे पुराने रेल खंड एवं प्रयागराज एवं कानपुर शहरों के मध्य स्थित प्रमुख रेलवे स्टेशनों में से एक है, जिसका इतिहास वर्ष 1859 में इस रेलखंड के प्रारंभ होने से जुड़ा है। यह स्टेशन ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह क्षेत्र की प्रारंभिक रेल सेवाओं में से एक के प्रस्थान स्थल के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

दिल्लीझहावड़ा मुख्य रेलमार्ग, जो भारत के सबसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोरों में से एक है, पर स्थित यह स्टेशन आज भी लाखों यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

इसी ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को नई पहचान देते हुए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत फतेहपुर रेलवे स्टेशन का लगभग ?32 करोड़ की लागत से




व्यापक पुनर्विकास किया गया है। पुनर्विकसित स्टेशन अब केवल ट्रेनों के ठहरने का स्थान नहीं, बल्कि आधुनिक, सुरक्षित और यात्री-केंद्रित रेल यात्रा का नया अनुभव प्रस्तुत करता है। आकर्षक स्टेशन भवन, नया जी+1 द्वितीय प्रवेश, विशाल कॉन्कोर्स, आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत टिकटिंग व्यवस्था, विकसित सकुर्लेटिंग एरिया, सुव्यवस्थित पार्किंग और पृथक प्रवेश-निकास मार्ग यात्रियों की आवाजाही को पहले से अधिक सहज और व्यवस्थित बनाते हैं।

यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म संख्या-4 का निर्माण, प्लेटफॉर्मों का आधुनिकीकरण, नए शेल्टर, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, अतिरिक्त एफओबी तथा दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम अवसंरचना विकसित की गई है। आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुव्यवस्थित परिसर स्टेशन को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं।

फतेहपुर रेलवे स्टेशन का यह नया स्वरूप केवल अवसंरचना का विस्तार नहीं, बल्कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को केंद्र में रखकर विकसित की गई एक नई सोच का प्रतीक है। यह स्टेशन क्षेत्र की बेहतर रेल संपर्क व्यवस्था को मजबूत करते हुए पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। जब यात्री इस नए स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करेंगे, तो उन्हें केवल आधुनिक सुविधाएँ ही नहीं, बल्कि बदलते भारतीय रेल की नई पहचान का भी अनुभव होगा।

## संपादकीय

# पंजाब में चुनावी आहट से गरमाता राजनीतिक परिदृश्य

पंजाब में विधानसभा चुनावों की आहट से सियासी तापमान अपने चरम पर पहुंचता नजर आ रहा है। आम आदमी पार्टी के मंत्रियों पर ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को रास नहीं आ रही। जवाब में आप कार्यकताओं द्वारा भाजपा कार्यालयों पर "हल्ला बोल" कार्यक्रम भी भाजपा को नागवार गुजर रहे हैं। इस समय पंजाब में दोनों पार्टियां एक-दूसरे के आमने-सामने खड़ी हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान बार-बार दोहरा रहे हैं कि 2027 के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी फिर से सत्ता में आएगी, लेकिन राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यह इतना आसान नहीं होगा।

चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय में मुख्यमंत्री कम ही दिखाई देते हैं। अधिकांश मंत्री अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में व्यस्त हैं और सोशल मीडिया पर अपने दौरे डाल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अब सचिवालय में काम करवाने आने वालों की संख्या भी कम हो गई है। कभी आम आदमी पार्टी की टोपियों से भरा दिखने वाला सचिवालय अब खाली-खाली लगता है। चंडीगढ़ और आसपास तैनात आईएएस-आईपीएस अधिकारी भी निजी तौर पर मानने लगे हैं कि 2027 का चुनाव आप के लिए बड़ी चुनौती है। अकेले बिजली बिल माफ करके चुनाव नहीं जीते जा सकते। सचिवालय के गलियारों में हवा बदल रही है। अब अफसरशाही कांग्रेस नेताओं से संपर्क बढ़ा रही है। उनके फोन पर काम हो रहे हैं। एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, "जब तक आप की सरकार है, हमें उनकी हां में हां मिलानी होगी। लेकिन कांग्रेस नेता बता रहे हैं कि पिछले चार साल में जिन अधिकारियों ने हमारी नहीं सुनी, अब वे हमारी बात ध्यान से सुन रहे हैं।" वरिष्ठ पत्रकार जे.एस. कुमार का कहना है, "जब सत्ता का रुख बदलने वाला होता है तो उसे सबसे पहले सचिवालय में भांपा जा सकता है।"

राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र कमजोर हुआ है। दिल्ली हार के बाद केजरीवाल और सिसोदिया का पंजाब पर नियंत्रण बढ़ गया है। सत्ता का केंद्र अब दिल्ली में है। पार्टी के अंदर असंतोष की चिंगारी कभी भी बड़ी आग बन सकती है। कई विधायक मानते हैं कि उनका भविष्य आप में सुरक्षित नहीं है। चुनाव नजदीक आते ही पार्टी में टूट-फूट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल द्वारा सभी 117 विधानसभा सीटों पर रैली की घोषणा के बाद अफसरशाही पर इसका असर दिखने लगा है। चंडीगढ़ के एक वरिष्ठ पत्रकार के अनुसार अधिकारी अब सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाने में लगे हैं। सचिवालय की कैंटीन में भी चर्चा है कि "आप की सरकार जाने वाली है, चन्नी की सरकार फिर आ सकती है।" एक कर्मचारी ने कहा, "चुनाव आते ही अधिकारी अपना व्यवहार बदल लेते हैं ताकि नई सरकार में उन्हें अच्छे पद मिल सकें। पिछले चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था जब अधिकारी भगवंत मान को भावी मुख्यमंत्री मानने लगे थे।" सूत्रों का दावा है कि कुछ डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी मुख्यमंत्री को गलत रिपोर्ट दे रहे हैं कि उनकी स्थिति मजबूत है। फिरोजपुर-फाजिल्का के जिला अध्यक्ष सरकार की चमचागिरी में सबसे आगे हैं।

वैसे भी भगवंत मान सरकार ने विज्ञापनों पर जितना खर्च किया, उतने काम जमीन पर नहीं दिखे। वर्तमान में कर्मचारी वर्ग और पेंशनर सरकार से नाराज हैं। राज्य सरकार का खजाना खाली है। बिजली के लंबे कट और सड़कों की दुर्दशा से लोग परेशान हैं। पंजाब की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और राज्य में आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ रहा है।

# वहशी दरिंदों को मिले त्वरित दण्ड

**(डॉ. सुधाकर आशावादी)**

राजस्थान के श्रीगंगानगर में तेरह वर्षीय बालिका के साथ पांच दिन तक तक की गई दरिंदगी की घटना ने राजस्थान की कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। देश भर में वहशी दरिंदों के इस प्रकार के किस्से प्रकाश में आते रहते हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। भले ही राजस्थान पुलिस द्वारा कुछ आरोपियों को गिरफ्तार करके दरिंदगी स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया हो, लेकिन दरिंदगी करने वाले तत्वों में कानून का भय न होना यह दशार्ता है, कि समाज नैतिकता और महिला सम्मान जैसे मूल्यों के प्रति उदासीन होता जा रहा है।

ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना दिल्ली में 16 दिसंबर 2012 को 23 वर्षीय निर्भया के साथ किये गए सामूहिक बलात्कार एवं हत्या से भी अधिक जघन्य है। फिर भी इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता, कि समाज में यौन स्वच्छंदता का खुलापन, सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट से जुड़े वीडियो,देर सबेर बालिकाओं व युवतियों का घर से बाहर अकेले निकलना भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने में सहायक सिद्ध होता है। कई बार ऐसी घटनाएँ प्रकाश में आई हैं, जब रिक्शा या टेम्पों चालक द्वारा सुनसान स्थल पर पर जघन्य अपराधों को अंजाम दिया जाता है। विचारणीय बिंदु यह भी है, कि नित्य न जाने इस प्रकार की कितनी घटनाएँ घटित होती हैं, जिनका पता ही नहीं चलता। कौन नहीं जानता कि 9 अगस्त 2024 को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कालेज व अस्पताल में रात्रि ड्यूटी पर तैनात 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की वीभत्स घटना घटित हुई थी।

नारी के विरुद्ध अपराधों के चलते कठोर कानून भी हैं, किन्तु उन कानूनों से भी अपराधियों में खौफ न होना चिंताजनक है। विडंबना है कि सभी सरकारें नारी सुरक्षा का ढिंढोरा तो पीटती हैं, मगर सफेदपोश अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने से परहेज भी करती हैं। कुछेक मसलों में राजनीतिक दल अपराधी और पीड़िता की जातीय स्थिति के आधार पर विरोध व समर्थन जैसे कृत्य से पीछे नहीं हटते। आवश्यकता यही है कि दरिंदगीपूर्ण घटनाओं पर आरोपी दरिंदों के विरुद्ध सजा का फैसला अल्पसमय में किया जाना चाहिए, ताकि दरिन्दे बेखौफ होकर दरिंदगी करने का दुस्साहस न कर सकें।

# कूटनीति के कैनवास पर भारत का उभरता नया स्वरूप

**अशोक भाटिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक यात्रा के बाद स्वदेश लौटे हैं। वे इन देशों से भारत के लिए रक्षा व सुरक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, तकनीक, शिक्षा और समुद्री सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण समझौते लाए हैं। आज जब वैश्विक भू-राजनीति के वर्तमान दौर में, महाशक्तियों के बीच वर्चस्व की होड़ मची है और पारंपरिक वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं बिखराव के दौर से गुजर रही हैं, तब किसी देश की विदेश नीति की सफलता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को कितनी कुशलता से सुरक्षित करता है। इस संदर्भ में, विदेश मंत्रालय द्वारा रेखांकित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का छह दिवसीय त्रिकोणीय दौरा भारत की समकालीन विदेश नीति के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ है। 6 से 11 जुलाई तक चले इस सघन राजनयिक अभियान ने न केवल भारत की ह्यएक्ट ईस्टह्ल नीति को नई ऊर्जा दी है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की स्थिति को ह्यनेट सिक्योरिटी प्रोवाइडरह्ल (सुरक्षा प्रदाता) और एक अपरिहार्य आर्थिक धुरी के रूप में स्थापित कर दिया है।



यह दौरा महज कुछ द्विपक्षीय बैठकों या औपचारिक समझौतों का पुलिंदा नहीं था। इसे भारत के दूरगामी रणनीतिक दृष्टिकोण, विशेष रूप से ह्यविजन महासागरह्ल के धरातल पर क्रियान्वयन के रूप में देखा जाना चाहिए। इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड–ये तीनों देश हिंद-प्रशांत की उस समुद्री भूगोल पर स्थित हैं, जहां से भारत के दो-तिहाई व्यापार और ऊर्जा मार्ग गुजरते हैं। इस यात्रा के जरिए भारत ने रक्षा निर्यात, महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा के नए मार्ग और मुक्त व्यापार समझौतों का ऐसा मजबूत चक्रव्यूह तैयार किया है, जो आने वाले दशकों में देश को $5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ाकर एक विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

दौरे के पहले पड़ाव के रूप में जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता भारत के रक्षा इतिहास में एक नया अध्याय लिख गई। भारत और इंडोनेशिया के बीच राजनयिक संबंधों के शानदार 75 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक मोड़ पर हुए इस दौरे ने दोनों देशों की ह्यव्यापक रणनीतिक साझेदारीह्ल को नए आयाम दिए हैं। सबसे बड़ी कूटनीतिक और रक्षा सफलता इंडोनेशिया के साथ लगभग 5,400 करोड़ रुपये के ब्रह्मोस मिसाइल और तटीय रक्षा प्रणालियों के सौदे पर हुई ठोस प्रगति है। कभी दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा भारत आज अपनी स्वदेशी मिसाइल तकनीक को दक्षिण-पूर्वी एशिया के सबसे बड़े देश को निर्यात करने की दहलीज पर खड़ा है। यह सौदा न केवल भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र की वैश्विक साख को बढ़ाता है, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन को बनाए रखने में भी मददगार साबित होगा। सुरक्षा के मोर्चे पर इससे भी बड़ी रणनीतिक सफलता सुदूर इंडोनेशियाई द्वीप पर स्थित साबांग बंदरगाह के संयुक्त विकास को लेकर बनी सहमति है। मलक्का जलडमरूमध्य के ठीक मुहाने पर स्थित साबांग बंदरगाह का रणनीतिक महत्व अद्वितीय है। दुनिया का अधिकांश समुद्री व्यापार इसी पतले जलमार्ग से होता है। साबांग में भारत की आर्थिक और तकनीकी उपस्थिति का सीधा अर्थ यह है कि भारत अब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से परे, हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के मिलन बिंदु पर अपनी पैनी नजर रख सकेगा। यह कदम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी भी एकतरफा सैन्य दबदबे या विस्तारवादी नीति को संतुलित करने के लिए भारत का एक मजबूत और शांतिपूर्ण कूटनीतिक जवाब है।

यात्रा के दूसरे चरण में मेलबर्न में आयोजित तीसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक नेताओं के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के बीच हुई बातचीत पूरी तरह से भविष्य की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित रही। इस पड़ाव की सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि वह नागरिक परमाणु ऊर्जा समझौता रहा, जो पिछले दो वर्षों से लंबित वाताओं के बाद आखिरकार अमलीजामा पहन सका। इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया से भारत को व्यावसायिक रूप से यूरेनियम की निर्बाध आपूर्ति का रास्ता साफ हो गया है। भारत ने वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन का जो महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, उसे पूरा करने के लिए यह ऑस्ट्रेलियाई यूरेनियम रीढ़ की हड्डी साबित होगा। यह भारत की हरित ऊर्जा प्रतिबद्धताओं और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक युगांतरकारी कदम है।

इसके साथ ही, डिजिटल और तकनीकी क्रांति के इस युग में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ ह्यक्रिटिकल मिनरल्सह्ल यानी महत्वपूर्ण खनिजों (जैसे लिथियम, कोबाल्ट और निकल) की सुरक्षित आपूर्ति शृंखला बनाने के लिए ठोस रणनीतिक साझेदारी की है। आज जब भारत इलेक्ट्रिक वाहनों , सेमीकंडक्टर और सौर पैनल निर्माण का वैश्विक हब बनने की ओर अग्रसर है, तब इन खनिजों पर से किसी एक देश के एकाधिकार को तोड़ना बेहद जरूरी था। ऑस्ट्रेलिया के विशाल खनिज भंडार तक भारत की सीधी पहुंच घरेलू उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा, दोनों देशों के तटीय रक्षकों और नौसेनाओं के बीच मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के लिए हुआ नया समन्वय हिंद-प्रशांत की समुद्री सुरक्षा को एक सामूहिक सुरक्षा छतरी प्रदान करता है। मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में उमड़ा भारतीय प्रवासियों का जनसैलाब, जिसे प्रधानमंत्री अल्बनीज ने दोनों देशों को जोड़ने वाला ह्यलिविंग ब्रिजह्ल कहा, यह साबित करता है कि ऑस्ट्रेलिया की समृद्धि और नीति-निर्माण में भारतीय समुदाय अब एक निर्णायक भूमिका में आ चुका है।

दौरे का अंतिम और सबसे अनूठा पड़ाव न्यूजीलैंड रहा। यह पिछले 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली आधिकारिक द्विपक्षीय यात्रा थी। ऑकलैंड में प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सम के साथ हुई व्यापक बैठकों के बाद दोनों देशों के संबंधों को औपचारिक रूप से ह्यस्ट्रैटेजिक पार्टनरशिपह्ल (रणनीतिक साझेदारी) के सर्वोच्च स्तर पर अपग्रेड कर दिया गया। चार दशकों की इस राजनयिक दूरी को खत्म करते हुए भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह प्रशांत महासागर के सुदूर कोनों में भी अपने हितों को लेकर बेहद गंभीर है।

# आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और वंचित समुदाय ही धर्मांतरण की बहस के केंद्र में क्यों?

**लेखक:प्रो.(डा.) मनमोहन प्रकाश**

भारत में धर्मांतरण का प्रश्न लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी विमर्श का विषय रहा है। इस विषय पर विभिन्न पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं, किंतु एक तथ्य बार-बार ध्यान आकर्षित करता है कि धर्मांतरण की बहस का केंद्र प्रायः आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और सामाजिक रूप से वंचित समुदाय ही क्यों?

स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग आठ दशक बाद भी देश के अनेक दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में गरीबी, कुपोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता, बेरोजगारी तथा आवास जैसी मूलभूत समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। अनेक परिवार आज भी दो समय के भोजन, बच्चों की शिक्षा और गंभीर बीमारी के उपचार जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई संस्था भोजन, चिकित्सा, शिक्षा या अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराती है, तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रभाव उन परिवारों पर पड़ता है। कई बार यह आरोप भी लगाया जाता है कि कुछ संगठनों द्वारा सेवा कार्यों के साथ धार्मिक प्रभाव विस्तार या धर्मांतरण के प्रयास भी किए जाते हैं। दूसरी ओर अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाएँ इस प्रकार के आरोपों से इनकार करते हुए अपने कार्यों को केवल मानवीय सेवा बताती हैं। इसलिए प्रत्येक मामले का मूल्यांकन तथ्यों और कानून के आधार पर ही किया जाना चाहिए।

भारतीय समाज में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य वंचित वर्गों ने लंबे समय तक सामाजिक विषमता और भेदभाव की पीड़ा झेली है। यद्यपि शिक्षा, शहरीकरण, संवैधानिक संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के कारण परिस्थितियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, फिर भी अनेक क्षेत्रों में सामाजिक सम्मान और समान अवसरों का प्रश्न पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। जब किसी व्यक्ति को अपने ही सामाजिक परिवेश में अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता, तब वह ऐसे विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है जहाँ उसे समानता, सम्मान और अपनत्व का अनुभव होने का विश्वास दिलाया जाए।

वनवासी और जनजातीय समुदायों की स्थिति कुछ अलग प्रकार की चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। अधिकांश जनजातीय आबादी दुर्गम पर्वतीय और वन क्षेत्रों में निवास करती है, जहाँ सरकारी योजनाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कानूनी जागरूकता की पहुँच अपेक्षाकृत सीमित रहती है। ऐसी परिस्थितियों में बाहरी संगठनों के लिए इन समुदायों के बीच प्रभाव स्थापित करना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। स्थानीय भाषा सीखकर, उनके बीच रहकर तथा सेवा गतिविधियों के माध्यम से विश्वास अर्जित करना कई संगठनों की कार्यपद्धति का हिस्सा माना जाता है।

कुछ क्षेत्रों में तथाकथित 'चंगाई सभाओं' या चमत्कार आधारित धार्मिक आयोजनों की भी चर्चा होती रही है, जिनमें गंभीर बीमारियों के उपचार, आर्थिक संकट दूर करने अथवा अलौकिक शक्तियों के माध्यम से समस्याओं के समाधान जैसे दावे किए जाते हैं। यदि ऐसे दावों के आधार पर किसी व्यक्ति को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है, तो यह न केवल अंधविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विधि के शासन की भावना के भी प्रतिकूल है। ऐसे मामलों में प्रशासन और समाज दोनों की सजगता आवश्यक है।धर्मांतरण को लेकर समय-समय पर विदेशी वित्तपोषण, संगठित नेटवर्क और सुनियोजित गतिविधियों के आरोप भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहे हैं। यदि कहीं प्रलोभन, कपट, दबाव या धोखे के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो वह न केवल अनेक राज्यों के प्रचलित कानूनों की भावना के विपरीत है, बल्कि व्यक्ति की स्वतंत्र एवं सूचित आस्था के अधिकार पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वहीं यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी संस्था या व्यक्ति पर आरोप तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर ही लगाए जाएँ।

स्पष्ट है कि धर्मांतरण की बहस के केंद्र में आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और वंचित समुदायों का होना केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विषमताओं का भी संकेत है। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, रोजगार के अवसर और न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवहार नहीं पहुँचेगा, तब तक ऐसी परिस्थितियाँ बनी रह सकती हैं जिनका लाभ विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ उठाने का प्रयास करें।

इस चुनौती का समाधान केवल कठोर कानूनों में नहीं, बल्कि समावेशी विकास और सामाजिक समरसता में निहित है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, वनवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित हो, तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अपनत्व का वातावरण मिले,मेरी दृष्टि में यही सबसे प्रभावी उपाय है। साथ ही, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा संगठनों को भी इन क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा, सामाजिक समरसता और आत्मसम्मान की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जब किसी नागरिक को अपने समाज में सम्मान, सुरक्षा और अवसर प्राप्त होंगे, तब वह किसी भी प्रकार की मजबूरी या प्रलोभन के आधार पर निर्णय लेने के लिए विवश नहीं होगा।

# राम से शत्रुता और इस्लाम से मित्रता पुरानी विरासत है

**दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)**

अत्यंत पीड़ा होती है यह देखकर की पुरे विश्व में हिन्दुओ का एक ही राष्ट्र बचा है जिसे राष्ट्रवादी लोग भारत माता कहते हैं पर इसको दुर्भाग्य कहें या विडंबना भारत का ही हिन्दू सनातन के विपक्ष में खड़ा होकर इस्लामिक तुष्टिकरण में अपना जन्म और प्राप्त होने वाली मृत्यु के सत्य को भी विस्मृत कर देता है। ज्यादा कुछ न कहते हुए सीधी बात जिनको राम नाम से आपत्ति थी जिन्होंने राम मंदिर की जन्म स्थली के अस्तित्व को सदैव नकारा जो प्रभु राम मंदिर में दर्शन करने में भी अपने मन में कटुता का भाव रखते हैं जिन्हे सनातनी व्यवस्थाओं में सदैव कमी नजर आयी उन लोगो ने न तो कभी मोहम्मद रसूल पर कभी खुले मन से चर्चा की और न ही कभी इस्लामिक कमियों के बारे में कभी चर्चा की। जिन लोगो को श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट में कमी नजर आती है उन्होंने कभी जमीयत उलेमा ऐ हिन्द जैसी इस्लामिक संस्था की जांच की मांग नहीं की , धन का दुरूपयोग होना , संस्था में भ्रस्टाचार होना , चोरी होना किसी भी संस्था में हो सकता है लेकिन किसी संस्था की स्थापना ही इस्लामिक वर्चस्व को बढ़ाना ,मजहब के नाम पर अपराधियों की भी मदद करना , गैर इस्लामिक समाज के प्रति एक पूरी इस्लामिक फौज खड़ी करने की तैयारी जैसे कटटरपंथी कार्य भी तो मजहबी दान से ,जकात से ,आर्थिक सहयोग से ही होते होंगे न, पर उस पर आज तक कोई सार्वजानिक चर्चा नहीं हुई इतना ही नहीं इस्लामिक हलाल सर्टिफिकेट से अर्जित धन कहाँ और किस उपयोग के लिए लगता है इस पर कोई चर्चा नहीं हाँ लेकिन कुछ संस्कार विहीन चोरो ने अपने व्यक्तिगत महत्वकांक्षाओं की पूर्ति हेतु राम मंदिर के धनकोष में चोरी क्या की लोगो ने इस चोरी को सनातन धर्म का षड्यंत्र ,संस्थाओं की मिलीभगत न जाने क्या क्या आरोप लगाने शुरू कर दिए भाई एक बात समझ लो जो लोग और जिनके पूर्वज तक प्रभु श्री राम का मंदिर बनने देना नहीं चाहते थे और जिन्होंने सनातन धर्म और सनातनी समाज को अपमानित करने हेतु न जाने कितने मंदिरो और सनातनी आश्रमों में रोजा इफ्तारी एवं इस्लामिक नमाज का आयोजन कराया आपको क्या लगता है को वो कभी सनातन धर्म और प्रभु श्री राम के प्रति सकारात्मक भाव रख सकते हैं ।एक मोटी सी बात जिन्हें राम पर विश्वास है जिन्हे राम में आस्था है जिन्होंने सनातनी आस्था स्वरूप मंदिर में दान आदि किया क्या उन्हें इतना नहीं पता की इस धर्म दान में चोरी करने वालों की क्या दुर्गति होगी लेकिन आस्था होते भी धर्म विरोधियों की बातों में आकर समूची मंदिर ट्रस्ट को अपमानित करना , सनातन धर्म पर आघात करना क्या यह उचित है।

# केन की धारा में बहता एक सवाल — क्या इंसान भी विकास का हिस्सा है?

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

विकास तभी सार्थक है, जब उसकी कीमत किसी की पहचान, आजीविका और अस्तित्व न बने। आज भारत इसी प्रश्न के सामने खड़ा है। एक ओर देश की पहली नदी जोड़ो योजना के रूप में केनझबेतवा परियोजना है, जिसे जल, सिंचाई और ऊर्जा का समाधान बताया जा रहा है। दूसरी ओर पन्ना और छतरपुर के जंगलों में आदिवासी महिलाएँ चिता पर लेटकर, शरीर पर मिट्टी मलकर केवल दो वाक्यों में अपना दर्द कह रही हैं–ह्वजंगल हमारा, नदी हमारीह्व और ह्लन्याय दो या मार दो।ह्व यह केवल विरोध नहीं, लोकतंत्र पर टूटते भरोसे की तस्वीर है। अब सवाल बाँध बनने का नहीं, बल्कि यह है कि विकास की परिभाषा आखिर किसके लिए लिखी जा रही है।

केनझबेतवा परियोजना का प्रमुख हिस्सा दौधन बाँध है, जो पन्ना टाइगर रिजर्व के भीतर प्रस्तावित है। इससे लगभग 9 हजार हेक्टेयर भूमि, जिसमें कोर क्षेत्र का करीब 41.41 वर्ग किलोमीटर और बफर क्षेत्र शामिल हैं, डूबेगी। करीब 23 लाख पेड़ प्रभावित होने और केन नदी का प्राकृतिक प्रवाह बदलकर जल बेतवा में भेजने की आशंका है। सरकार के अनुसार इससे 10.62 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई, 62 लाख लोगों को पेयजल और 103 मेगावाट बिजली मिलेगी। लेकिन गोंड और कोल आदिवासियों के लिए यह केवल विकास नहीं, बल्कि अस्तित्व का सवाल है। उनके लिए जंगल सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, आजीविका और पहचान का आधार है।

वादों और जमीनी हकीकत की दूरी ने चिता आंदोलन फिर सुलगा दिया। प्रशासन के आश्वासन के बावजूद कई गाँवों में मकान तोड़े गए, बिजली कनेक्शन काटे गए, स्कूल ढहाए गए और विरोध करने वालों पर मुकदमे दर्ज हुए। दिव्या अहिरवार, लक्ष्मी आदिवासी सहित कई महिलाएँ विरोध में डटी रहीं, जबकि सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर अनशन पर बैठे। उनका दावा है कि 7,000 से अधिक परिवार (लगभग 35-50 हजार लोग) विस्थापन की कगार पर हैं। उनके अनुसार संकट केवल घरों का नहीं, बल्कि जल, जंगल, जमीन, आजीविका और सांस्कृतिक पहचान का है। सवाल है–यदि विकास की कीमत आदिवासी समाज चुकाए और लाभ दूसरों को मिले, तो क्या यह न्यायपूर्ण विकास कहलाएगा?

इस संघर्ष का दायरा केवल विस्थापन नहीं, पूरे पारिस्थितिकी तंत्र तक है। पन्ना टाइगर रिजर्व का बड़ा हिस्सा डूबने की आशंका है, जिससे बाघों की पुनर्स्थापना, घड़ियाल संरक्षण और गिद्धों के प्राकृतिक घोंसले संकट में पड़ सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार वृक्ष कटाई और पारिस्थितिकी परिवर्तन से क्षेत्रीय वर्षा में करीब 12 प्रतिशत कमी आ सकती है। केन नदी का प्राकृतिक प्रवाह बदलने से पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ने की आशंका है। आईआईटी बॉम्बे के वैज्ञानिक भी इसके प्राकृतिक तंत्र पर प्रभाव की चेतावनी दे चुके हैं। इसलिए आदिवासियों का ह्लजंगल हमारा, नदी हमारीह्व कहना विकास विरोध नहीं, बल्कि प्रकृति और भविष्य की चिंता है।

किसी भी विस्थापन की सबसे बड़ी कीमत आँकड़े नहीं, इंसानी ज़िंदगियाँ चुकाती हैं। केनझबेतवा परियोजना भी इसी सच्चाई के सामने है। आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 7 हजार से अधिक परिवार प्रभावित होंगे और 22 गाँव डूब क्षेत्र में समा जाएँगे। पुनर्वास को लेकर असंतोष है। किसी को साढ़े बारह लाख, तो किसी को केवल साढ़े सात लाख रुपये मुआवजा मिल रहा है। वयस्क सदस्यों को अलग परिवार का दर्जा देने की माँग अधूरी है। आदिवासी समाज नकद नहीं, ह्लभूमि के बदले भूमिह्व चाहता है, क्योंकि जंगल और खेत उसके जीवन का आधार हैं। आंदोलनकारियों का आरोप है कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अधिकारों की अनदेखी हो रही है। पर्याप्त सूचना बिना मकान तोड़े जाने से प्रशासन और समाज के बीच भरोसे की खाई गहरी हुई है।

तस्वीर का दूसरा पहलू भी अहम है। सरकार का तर्क है कि भविष्य की जल जरूरतों के लिए बड़े समाधान जरूरी हैं। सिंचाई, पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन सवाल है कि किसी परियोजना का मूल्य केवल लाभ से तय होगा या उसकी सामाजिक और पर्यावरणीय कीमत से भी। केनझबेतवा परियोजना ने फिर बहस छेड़ी है कि नदी जोड़ो योजनाएँ तभी सफल होंगी, जब वे स्थानीय परिस्थितियों, पारिस्थितिकी और समाज की जरूरतों के अनुरूप हों। केवल इंजीनियरिंग समाधान, प्रकृति और समुदाय की सहमति बिना, स्थायी नहीं हो सकते। विकास तभी सार्थक है, जब लाभ और कीमत का न्यायपूर्ण संतुलन हो।

बड़ी परियोजनाओं के साथ छोटे, टिकाऊ विकल्प भी जरूरी हैं। विशेषज्ञ वर्षा जल संचयन, छोटे बाँध, जलग्रहण प्रबंधन और स्थानीय जल संरक्षण को बेहतर समाधान मानते हैं। सवाल है कि मध्य प्रदेश अपने जंगलों, वन्य संपदा और जल संसाधनों की कीमत चुका रहा है, जबकि लाभ का बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश को मिलेगा। सर्वोच्च न्यायालय की सेंट्रल एम्पावर्ड कमिटी ने भी परियोजना की पर्यावरणीय और आर्थिक व्यवहार्यता पर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज की थीं, लेकिन उन्हें महत्व नहीं मिला। यदि बड़े निर्णयों में वैज्ञानिक चेतावनियाँ, स्थानीय अनुभव और न्यायपूर्ण पुनर्वास उपेक्षित रहें, तो विकास का दावा संदेह के घेरे में आता है। लोकतंत्र की शक्ति केवल निर्णय में नहीं, असहमति सुनने में भी है।

पन्ना और छतरपुर से उठता यह संघर्ष अब केवल कुछ गाँवों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सवाल उठाता है कि भारत का विकास प्रकृति और मानव के संतुलन के साथ होगा या जंगलों और संस्कृतियों की कीमत पर। आदिवासी महिलाओं का संघर्ष केवल मुआवजे का नहीं, बल्कि सम्मान, अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों का है। सरकार को पारदर्शी पुनर्वास, प्रभावी पर्यावरणीय समीक्षा और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। पन्ना टाइगर रिजर्व के नुकसान की भरपाई के लिए ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप प्लान के तहत 47,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में वन विकास प्रस्तावित है। इतिहास बाँधों की ऊँचाई नहीं, बल्कि कमजोर वर्गों के साथ राष्ट्र के व्यवहार को याद रखता है। विकास तभी टिकाऊ होगा, जब वह प्रकृति और लोगों की सहमति से आगे बढ़े।

# पनकी धाम रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं और आस्था का नया केंद्र बनेगा : डॉ. शिवम शर्मा

**कानपुर।**
अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित पनकी धाम रेलवे स्टेशन यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ सुरक्षित, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। स्टेशन का पुनर्विकास स्थानीय सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पहचान को संरक्षित रखते हुए किया गया है, जिससे यह कानपुर की प्रगति का नया प्रवेशद्वार बनेगा। यह बातें सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवम शर्मा ने कहीं।



उत्तर प्रदेश के औद्योगिक नगर कानपुर स्थित पनकी धाम रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक पुनर्विकास किया गया है। वर्ष 1981 में स्थापित इस स्टेशन का निर्माण कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर बढ़ते यात्री दबाव को कम करने तथा शहर के पश्चिमी और उपनगरीय क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। समय के साथ औद्योगिक विकास, नई आवासीय बस्तियों के विस्तार और पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण इसका महत्व लगातार बढ़ा।

पुनर्विकास के बाद स्टेशन पर दो मंजिला आधुनिक भवन, विशाल प्रतीक्षालय, एक्जीक्यूटिव लाउंज, रिटायरिंग रूम, आधुनिक टिकटिंग क्षेत्र, विस्तारित प्लेटफॉर्म शेल्टर, आधुनिक शौचालय, बेहतर पेयजल व्यवस्था और उन्नत यात्री सूचना प्रणाली विकसित की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल सूचना डिस्प्ले, स्पष्ट साइनेज और बेहतर प्रकाश व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है।

यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज और 6 मीटर चौड़ा अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है। इसके अलावा रैंप, लिफ्ट और अन्य दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।

लगभग 4,500 वर्गमीटर क्षेत्र में सकुर्लेटिंग एरिया तैयार किया गया है, जिसमें अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग, हरित क्षेत्र तथा बाधारहित आवागमन की व्यवस्था की गई है।

स्टेशन की वास्तुकला में पनकी धाम की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को विशेष स्थान दिया गया है। भवन के डिजाइन और कलात्मक स्वरूप में भगवान हनुमान से जुड़ी आस्था और स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई देती है। पनकी धाम स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार, शनिवार और हनुमान जयंती पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## "साइबर बज्र" के तहत अपराधियों को म्यूल खाता उपलब्ध करवाने वाले 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।**
नोएडा पुलिस ने ऑपरेशन "साइबर बज्र" के तहत साइबर ठगों को म्यूल खाता उपलब्ध करवाने वाले 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन खातों के माध्यम से साइबर अपराधियों ने लोगों से ठगी गई रकम को इधर से उधर ट्रांसफर किया था।




थाना एक्सप्रेस-वे के प्रभारी अमित खारी ने बताया कि उपनिरीक्षक अभिषेक ने सोमवार की बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि म्यूल अकाउंट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के जांच में पता चला कि सरस मुकुंद के नाम से एक बैंक अकाउंट खोला गया था। इस बैंक अकाउंट का पता सेक्टर 90 स्थित एक कमर्शियल माल का है। जब जांच की गई तो पता चला कि नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर खाताधारक के खिलाफ कई शिकायत दर्ज हैं।


थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि बीती रात को उपनिरीक्षक मोहित कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि साइबर मुख्यालय से थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक बैंक खाते का उपयोग साइबर अपराधी कर रहे हैं। जांच में यह खाता इंडसइंड बैंक का निकाला। बैंक खाते के खिलाफ विभिन्न साइबर पोर्टल पर 44 शिकाई थे प्राप्त है। खाताधारक के खिलाफ थाना सेक्टर 24 में आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। एक अन्य मामले में उप निरीक्षक मोहित कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इंडसइंड बैंक के एक खाते का प्रयोग साइबर अपराधियों ने किया है। इस खाते पर एनसीआरपी पोर्टल पर 9 शिकायतें दर्ज हैं।

थाना सेक्टर 39 के प्रभारी डीपी शुक्ल ने बताया की बीती रात को उप निरीक्षक योगेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि साइबर मुख्यालय से थाना सेक्टर 39 पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बैंक खातों का उपयोग साइबर अपराधी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि एनसीआरपी पोर्टल पर उक्त खातों के खिलाफ शिकायत दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि कुल तीन खाता धारकों के खिलाफ उप निरीक्षक ने बीती रात को आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

एक अन्य मामले में उप निरीक्षक धीरज सारस्वत ने सोमवार की बीती रात को सरिता देवी व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## देर रात आध्या होटल के बाहर कर्मचारियों से मारपीट, वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सदर कोतवाली क्षेत्र की नारायनपुर पुलिस चौकी के बाहर आध्या होटल के बाहर देर रात कुछ युवकों ने होटल कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात होटल के बाहर किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। वायरल वीडियो में कुछ युवक होटल कर्मचारियों के साथ हाथापाई और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना से होटल कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। वायरल वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है। पुलिस वीडियो और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

सदर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो सहित सभी साक्ष्यों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लिफ्ट में फंसे चार बच्चों ने जान बचाने के लिए पढ़ी हनुमान चालीसा, वीडियो वायरल

**नोएडा।**
थाना बिसरख क्षेत्र के गैलेक्सी बेगा सोसाइटी के टावर में सोमवार की बीती रात को अचानक बिजली चले जाने से चार बच्चे एक लिफ्ट में फंस गए।

बच्चों ने अपनी जान बचाने और डर भगाने के लिए लिफ्ट की फर्श पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा। अब इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच में पता चला कि बिजली में फ्लकचुएशन के चलते सोसाइटी के ई-टावर की लिफ्ट करीब 3 मिनट के लिए रुक गई थी। उसमें कुछ बच्चे जो डर गए थे। करीब तीन मिनट बाद जनरेटर चालू करके लाइट व्यवस्था बहाल की गई तथा रेस्क्यू टीम ने बच्चों को सकुशल बाहर निकला । पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि बच्चे 3 मिनट तक फंसे रहे, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग दावा कर रहे हैं कि बच्चे 30 मिनट तक फंसे रहे। इस घटना को लेकर नोएडा शहर में तरह-तरह की चर्चा है।

सोसाइटी मे लिफ्ट का प्रयोग करने वाले लोगों में भय का माहौल है।

## घर में अकेली विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान; एक साल की बेटी को छोड़ गई

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सहार थाना क्षेत्र के हजियापुर गांव में सोमवार देर शाम एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। विवाहिता ने घर के बरामदे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय वह घर में अकेली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार हजियापुर निवासी गौतम की पत्नी सुकीर्ति ने सोमवार देर शाम अपने घर के बरामदे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। बताया गया कि घटना के समय परिवार का कोई सदस्य घर पर मौजूद नहीं था। मृतका के परिजन किसी रिश्तेदारी में गए हुए थे, जबकि उसका पति अपनी बहन के लिए लड़का देखने बाहर गया था।

काफी देर तक सुकीर्ति के बाहर न आने पर परिजनों और ग्रामीणों को संदेह हुआ। जब घर के अंदर जाकर देखा गया तो वह फंदे से लटकी मिली। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही सहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। बताया गया कि सुकीर्ति का विवाह वर्ष 2023 में हुआ था और उसकी एक वर्ष की मासूम बेटी है। मां की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

थाना प्रभारी जितेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। घटना के समय घर पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## किशोर ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अछल्दा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सेऊपुर में सोमवार देर रात एक 15 वर्षीय किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

गांव निवासी चंद्रभान राजपूत का 15 वर्षीय पुत्र कोमल राजपूत सोमवार रात अपने कमरे में था। देर रात जब परिजनों ने उसे देखा तो वह दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और घर में मातम छा गया।

मृतक के पिता चंद्रभान राजपूत ने रात करीब 11 बजे डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम और पाता चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पाता चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। फिलहाल परिजनों से पूछताछ की जा रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एसीए की जूनियर चयन समिति के सदस्य बने अमर काला

**प्रयागराज।**
इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने वर्ष 2026-27 सत्र के लिए जूनियर चयन समिति में क्रिकेटर अमर काला को सदस्य नामित किया है।

उनकी नियुक्ति को एसीए के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे जूनियर क्रिकेट प्रतिभाओं के चयन और विकास को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। अमर काला को यह जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से सौंपी गई है।

वह जूनियर चयन समिति में अपनी भूमिका निभाते हुए युवा खिलाड़ियों के चयन और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में योगदान देंगे।

## सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक का शव आम के पेड़ से लटका मिला

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बिधूना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर जागू में सोमवार रात एक सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक का शव खेत में आम के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



गांव निवासी 70 वर्षीय श्याम सिंह सोमवार शाम घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच रात करीब नौ बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव के बाहर खेत में स्थित आम के पेड़ से एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान श्याम सिंह के रूप में की।

परिजन उन्हें तत्काल फंदे से नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना ले गए। रात करीब 10:50 बजे अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी विनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत, जुड़वां बेटे और पति बाल-बाल बचे

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर गंभीर चोटें आईं, जबकि पति और दोनों जुड़वां बेटे दूसरी ओर मिट्टी में गिरने से बाल-बाल बच गए। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है।



श्याम नगर (अटसू) निवासी विशाल पोरवाल कस्बे में किराना व्यवसाय करते हैं। मंगलवार सुबह वह अपनी पत्नी मोहिनी पोरवाल (27) और पांच वर्षीय जुड़वां बेटों लव और कुश को स्कूटी से अजीतमल स्थित कान्हा इंटरनेशनल अकादमी छोड़ने जा रहे थे। जब उनका परिवार सिंह वाहिनी महाविद्यालय के पास बनी पुलिया के निकट पहुंचा, तभी अजीतमल की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। पीछे बैठी मोहिनी सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि विशाल और दोनों मासूम बच्चे सड़क के दूसरी ओर मिट्टी में गिरने से सुरक्षित बच गए।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**औरैया।**
उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी के पास केविन की मड़ैया में सोमवार देर रात एक 40 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सत्यवीर उर्फ बब्बन यादव (40) के रूप में हुई है। शराब की लत के चलते उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ कंचौसी के मनेपुर स्थित मायके में रह रही थी, जबकि उसकी मां भी कुछ समय से अपनी बेटी के घर रह रही थी। घर पर वह अकेला ही रहता था। पड़ोसियों ने आज उसका शव फांसी के फंदे से लटका देखा तो परिवार और पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी पर उसकी पत्नी और अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर आवश्यक कार्रवाई की।

थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भगवान राम के चित्रकूट में तपोवन वृक्ष मंदिर की स्थापना का संकल्प

**चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)।**
भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट की पौराणिक देवल कुटी में तपोवन वृक्ष मंदिर की स्थापना का संकल्प लिया गया है। देवल कुटी 'देवल और चौरा गांव' के मध्य मंदाकनी नदी के तट पर एक पहाड़ीनुमा जगह पर स्थित है। पहाड़ी ब्लॉक स्थित यह कुटी अभी तक शहरी शोर-शराबा से दूर है। करीब डेढ़ दशक से यहां तप करे स्वामी धमानंद ने घोषणा की है कि वह देवल कुटी की चार बीघा जमीन पर तपोवन वृक्ष मंदिर तैयार कराएंगे। स्वामी धमानंद को यहां आसपास के ग्रामीण तपस्वी बाबा कहकर भी संबोधित करते हैं। वह देवल में आने से पहले पयस्वनी के उद्गमस्थल बृह्मकुंड के पास वर्षों तक तपस्या कर चुके हैं। वह कहते हैं, " देवल के तपस्वी संन्यासी उन्हें वृक्षों की जो सौगात सौंप गए हैं, वह समय के साथ-साथ धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। यहां चार बीघा जमीन है कुटी की। उसमें औषधीय और फलदार पौधे रोपित कर तपोवन वृक्ष मंदिर विकसित करना है, जिससे यहां आने वाले साधु-संन्यासी शांत और जीवंत वातावरण में साधना कर सकें। यह सारा काम श्रमदान से होगा।



उन्होंने कहा कि अगर जलऋषि और वृक्षमित्र अभिमन्यु भाई ठान लें तो उत्तर प्रदेश शासन से चार बीघा भूमि के लिए पौधे मिलने में कोई कठिनाई नहीं आएगी। चित्रकूट के रामघाट में अमावस्या स्नान का महत्व बताते हुए तपस्वी बाबा ने कहा कि गत दिवस उन्होंने देवल कुटी में अभिमन्यु भाई व अन्य से इस संबंध में गहन चर्चा की। तब तपोवन वृक्ष मंदिर का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के वृक्षारोपण महा अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अगर यह संकल्प पूरा हो तो बहुत अच्छा रहेगा।

धमानंद ने कहा कि चित्रकूट भगवान राम की तपोभूमि है। वर्तमान में तपोवन क्षेत्र में हो रहे कंक्रीट के मंदिर एवं घाट निर्माण से तपोवन की प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान कमजोर हो रही है। इसलिए चित्रकूट तपोवन संरक्षण अभियान के स्वयंसेवकों ने वृक्ष मंदिर अवधारणा के तहत तपोवन पुनर्जीवन का संकल्प लिया है। तपस्वी बाबा ने कहा कि वह इस साल देवल कुटी में पवित्र माह क्वार (आश्विन) से तप साधना पर बैठेंगे। यह साधना अगले साल इसी माह पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि वह देवल महर्षि की हजारों वर्ष पुरानी देवल कुटी के इस तपोवन के वृक्ष मंदिरों को सहेज रहे हैं यही उनकी पूजा है। वह अपने जीवन में एक और वृक्ष मंदिर तैयार करना चाहते हैं, जिससे यह तपोवन इस क्षेत्र के लिए ऑक्सीजन प्लांट की तरह दिखे। स्थानीय बच्चे यहां आएं और योग सीखें।

अभिमन्यु भाई का कहना है कि तपोवन पुनर्जीवन संवाद में संत एवं समाज को जोड़ने के लिए देवल कुटी, सूरजकुंड, कालका देवी पहाड़ी, कामदगिरि पर्वत परिक्रमा मार्ग, लक्ष्मण पहाड़ी और ब्रह्मकुंड में जल्द ही गोष्ठियों की शुरूआत की जाएगी। इसका मकसद है कि सरकार-समाज का रोपित एक भी पौधा सूखने न पाए और चित्रकूट में तपोवन संस्कृति पुनर्जीवित हो।

# इस सप्ताह निवेशक तीन नए आईपीओ में निवेश कर सकेंगे

## निवेशकों के पास 10 हजार करोड़ से अधिक के इश्यू में निवेश का मौका

नई दिल्ली ।

इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों के सामने तीन नए आईपीओ में निवेश का अवसर होगा, जिनका कुल आकार 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। इनमें एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड और मिलवर्क्स टेक्नोलॉजी के आईपीओ शामिल हैं। पहले दो इश्यू मेनबोर्ड श्रेणी के हैं, जबकि मिलवर्क्स टेक्नोलॉजी का आईपीओ एसएमई प्लेटफॉर्म पर आएगा। निवेशक अपनी रणनीति और जोखिम क्षमता के अनुसार इनमें से किसी एक या सभी इश्यू में आवेदन कर सकते हैं। इस सप्ताह का सबसे बड़ा आईपीओ एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का है। भारतीय स्टेट बैंक और फ्रांस की परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी अमुंडी के संयुक्त उपक्रम की यह कंपनी आईपीओ के माध्यम से 9,812.91 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। इसके लिए प्रति शेयर 545 से 574 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। यह ऑफर फॉर सेल आधारित इश्यू है, इसलिए इससे प्राप्त राशि कंपनी के बजाय अपने शेयर बेच रहे प्रवर्तकों को मिलेगी। इस इश्यू के तहत भारतीय स्टेट बैंक लगभग 4.88 प्रतिशत और अमुंडी करीब 3.51 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेंगे। दूसरा मेनबोर्ड आईपीओ गुजरात की टेक्सटाइल कंपनी अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड का है। कंपनी 126.25 करोड़ रुपये जुटाएगी और इसके लिए 100 से 105 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया गया है। यह पूरी तरह फ्रेश इश्यू है। आईपीओ से प्राप्त धनराशि का उपयोग नया वीविंग प्लांट स्थापित करने, ग्रे फैब्रिक उत्पादन क्षमता बढ़ाने, कर्ज चुकाने तथा अन्य कारोबारी जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा। एसएमई श्रेणी में बेंगलुरु की प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी मिलवर्क्स टेक्नोलॉजी 160.30 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। कंपनी ने 315 से 331 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। इस इश्यू से मिलने वाली राशि नई मशीनों की खरीद, कार्यशील पूंजी और सामान्य व्यावसायिक जरूरतों पर खर्च की जाएगी। इस वर्ष अब तक 30 मेनबोर्ड आईपीओ के जरिए 24,404 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं। नए इश्यू के बाद यह आंकड़ा 34,343 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। वहीं एसएमई प्लेटफॉर्म पर अब तक 90 कंपनियां 3,861 करोड़ रुपये जुटा चुकी हैं और मिलवर्क्स टेक्नोलॉजी के शामिल होने के बाद यह राशि 4,022 करोड़ रुपये हो जाएगी। इस बीच लेजर पावर एंड इंफ्रा, डेवसन कैटेलिस्ट और हैप्पी स्टील्स के आईपीओ पर भी बोली जारी हैं,।

# सेवानिवृत्ति की तैयारीः ईपीएफ, पीपीएफ या एनपीएस कौन है बेहतर विकल्प ?

## बढ़ती महंगाई और लंबी जीवन प्रत्याशा के बीच वित्तीय सुरक्षा के लिए तीनों योजनाओं को समझना जरूरी

-नई दिल्ली।

बढ़ती महंगाई और लंबी जीवन प्रत्याशा को देखते हुए, सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। केवल बचत पर्याप्त नहीं, बल्कि नियमित आय देने वाली निवेश योजनाएं आवश्यक हैं। भारत में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) तीन प्रमुख विकल्प हैं, जिनके नियम, जोखिम, रिटर्न और कर लाभ भिन्न हैं। संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए ईपीएफ एक मजबूत आधार है, जहां नियोक्ता-कर्मचारी योगदान से बड़ा फंड बनता है। सरकारी ब्याज दर के साथ यह नौकरीपेशा लोगों के लिए सुरक्षित बचत है। वहीं पीपीएफ किसी भी भारतीय नागरिक के लिए सुरक्षित और सरकारी गारंटी वाली योजना है। 7.1 फीसदी ब्याज दे रही यह योजना, निवेश, ब्याज और परिपक्वता राशि पर कर छूट (ईईई) के कारण दीर्घकालिक निवेश का लोकप्रिय विकल्प है। एनपीएस अधिक रिटर्न चाहने वाले और सीमित बाजार जोखिम उठाने को तैयार निवेशकों के लिए बेहतर है। यह शेयर, बॉन्ड आदि में निवेश करती है, बाजार-आधारित प्रतिफल के साथ अतिरिक्त कर लाभ देती है। वित्तीय विशेषज्ञ तीनों योजनाओं के संतुलित संयोजन की सलाह देते हैं।

ताकि सुरक्षा, कर बचत और बेहतर रिटर्न का लाभ मिल सके। नियमित निवेश और योजना की समीक्षा भविष्य की वित्तीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

# एयरटेल का डिजिटल महाविस्तार, वित्तीय सेवाओं और डेटा केंद्रों पर दांव

## चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने वार्षिक रिपोर्ट में किया खुलासा




नई दिल्ली ।

दूरसंचार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी भारती एयरटेल अब सिर्फ मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में घोषणा की है कि एयरटेल भविष्य में वित्तीय सेवाओं, डाटा केंद्र और क्लाउड कारोबार को अपनी अगली विकास यात्रा का प्रमुख आधार बनाएगी। यह रणनीतिक विस्तार भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण और क्लाउड सेवाओं की मांग का लाभ उठाने के लिए तैयार किया गया है। मित्तल ने बताया कि एयरटेल मनी में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है, जिसे आरबीआई से गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही कंपनी अपने डाटा केंद्र कारोबार एनएक्स्ट्रा का भी तेजी से विस्तार कर रही है, जिसके तहत 1000 मेगावाट क्षमता वाले डाटा केंद्र विकसित करने का लक्ष्य है। हाल ही में एनएक्स्ट्रा के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की राशि जुटाई गई है, जो क्लाउड सेवाओं की बढ़ती मांग और डेटा को भारत में सुरक्षित रखने की जरूरत को पूरा करेगी। पिछले एक दशक में भारती एयरटेल ने डिजिटल बुनियादी ढांचे पर 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जो इस नए विस्तार का आधार बनेगा। कंपनी का मानना है कि वित्तीय सेवाओं, डाटा केंद्र और क्लाउड सेवा जैसे क्षेत्रों में उसकी मजबूत स्थिति, साथ ही सरकार की सहायक नीतियां, भविष्य में बेहतर परिणाम देंगी। एयरटेल की 5जी सेवा का ग्राहक आधार 18.8 करोड़ तक पहुंच गया है,।

# रुपया 39 पैसे टूटकर 95.77 प्रति डॉलर पर खुला

## रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था

मुंबई ।




कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 39 पैसे टूटकर 95.77 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 79 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि घरेलू मुद्रा के कमजोर शुरुआत के साथ 95.53 प्रति डॉलर के स्तर पर खुलने की उम्मीद थी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में 95.77 प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 39 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले नौ पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 101.12 पर कारोबार कर रहा था।

# अमेरिका-ईरान टकराव के बीच ब्रेंट 79 डॉलर के पार

नई दिल्ली ।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने का असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिला है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल करीब 4 फीसदी उछल गया। ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के पार कारोबार करता दिखा। हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच अंतरिम शांति समझौते के बाद तेल की कीमतों में कुछ गिरावट आई थी। लेकिन नए सैन्य तनाव ने उस राहत को खत्म कर दिया। अब दोनों देशों के बीच बातचीत की संभावना भी कमजोर पड़ गई है। ईरान ने कहा है कि बातचीत आगे बढ़ाने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल निर्यात से जुड़े मुद्दों पर प्रगति जरूरी है। सोमवार सुबह ब्रेंट क्रूड करीब 3.93 फीसदी बढ़कर 79 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड भी करीब 3.98 फीसदी की तेजी के साथ 74.25 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, अमेरिकी प्राकृतिक गैस की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। अमेरिका में प्राकृतिक गैस की कीमतें गिरकर 2.90 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू पर आ गई हैं, जो पिछले सात हफ्तों का सबसे निचला स्तर है। इसकी मुख्य वजह आने वाले दिनों में मौसम के ठंडा रहने का अनुमान है, जिससे एयर कंडीशनिंग की मांग घट सकती है और गैस से बनने वाली बिजली की खपत कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा, फ्रीपोर्ट एलएनजी ने 10 जुलाई से अगस्त के आखिर तक अपने प्लांट में रखरखाव (मेंटेनेंस) का काम शुरू किया है, जिससे अस्थायी रूप से गैस की खपत घटेगी। वहीं अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के ताजा आंकड़ों के अनुसार 3 जुलाई तक देश में प्राकृतिक गैस का भंडार पिछले पांच साल के औसत से 6.6 फीसदी अधिक है। पर्याप्त सप्लाई और कमजोर मांग की संभावना के चलते प्राकृतिक गैस की कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए लागूः व्यापार को नई गति, पेशेवरों को बड़ा लाभ

## 15 जुलाई से निर्यात शुल्क शून्य

नई दिल्ली ।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने घोषणा की है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 15 जुलाई से लागू होगा। यह निर्यातकों को शून्य शुल्क का लाभ देगा और ब्रिटेन में कार्यरत भारतीय पेशेवरों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगा। इस समझौते के तहत ब्रिटेन को भेजे जाने वाले सभी भारतीय उत्पादों पर कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा, जिससे किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) जैसे क्षेत्रों को सीधा फायदा होगा। गोयल ने बताया कि यह समझौता ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों के लिए भी बड़ा बदलाव लाएगा।

डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन (डीसीसी) के तहत, पांच साल तक ब्रिटेन में कार्यरत भारतीयों को अब वहां सामाजिक सुरक्षा में योगदान नहीं देना होगा। इसके बजाय, उनके वेतन का लगभग 25 फीसदी सीधे भारत में उनके भविष्य निधि खातों में 8.25 फीसदी कर-मुक्त ब्याज के साथ जमा होगा। गोयल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया।

# कीस्टोन रियल्टर्स की बिक्रि बुकिंग में 42 फीसदी की गिरावट

## वत्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 617 करोड़ रुपये रही बिक्री बुकिंग

निई दिल्ली ।

रियल एस्टेट फर्म कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में बिक्री बुकिंग में 42 फीसदी की उल्लेखनीय गिरावट का सामना करना पड़ा है। इस तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 617 करोड़ रुपये दर्ज की गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में यह 1,068 करोड़ रुपये थी। मुंबई स्थित इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए अपने तिमाही कारोबारी प्रदर्शन की जानकारी साझा की है। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कोई नई परियोजना शुरू नहीं की गई। ऐसे में बिक्री मुख्य रूप से मौजूदा परियोजनाओं की स्थिर मांग और खरीदारों के भरोसे से समर्थित रही। हालांकि, कंपनी को ग्राहकों से प्राप्त राशि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर 599 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 575 करोड़ रुपये थी। कीस्टोन रियल्टर्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक बोमन ईरानी ने इसे स्थिर शुरुआत बताते हुए कहा कि वे पिछली गति को बनाए रखेंगे। कंपनी को वैश्विक स्थिरता से आर्थिक सुधार और आगामी तिमाहियों में बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

# एचडीएफसी बैंक ने अपने कर्मचारियों की संख्या 3,343 घटाई

नई दिल्ली ।

वित्त वर्ष 2025-26 में एचडीएफसी बैंक ने अपने कर्मचारियों की संख्या 3,343 घटा दी है। अब उसके कर्मचारियों की संख्या घटकर 2.11 लाख रह गई है। पिछले नौ वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है क्योंकि देश का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक प्रौद्योगिकी के उपयोग और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के विकास में तेजी से अपनी भागीदारी बढ़ा रहा है। इससे पहले ऐक्सिस बैंक ने प्रौद्योगिकी में अपने निवेश के कारण उत्पादकता में हुए सुधार को देखते हुए वित्त वर्ष 2026 में कर्मचारियों की संख्या में करीब 3,100 की कटौती की थी। एचडीएफसी बैंक के एक अधिकारी ने नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा कि प्रौद्योगिकी से संचालित और ग्राहक केंद्रित बैंक बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाने के साथ ही हमें कर्मचारियों के साथ बेहतर तालमेल बिठाने की आवश्यकता है। हम अपने लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर अधिक उत्पादक तरीके से और ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से काम करने में सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया है कि कर्मचारियों को बैकएंड कार्यों से ग्राहक केंद्रित भूमिकाओं में नए सिरे से तैनाती की जा रही है। बैकएंड कार्यों में प्रौद्योगिकी आधारित दक्षता हासिल की गई है।

हम काफी सोच-समझकर प्रतिभाओं को बैकएंड कार्यों से अलग कर रहे हैं क्योंकि वहां प्रौद्योगिकी आधारित दक्षता लाई जा सकती है।

# अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोना-चांदी के दाम में बड़ी गिरावट

## सोना 845 रुपए गिरकर 1,42,633 पर, चांदी 4,016 रुपए टूटकर 2,18,648 पर

नई दिल्ली।




अमेरिका-ईरान तनाव और फेड के सख्त रुख की वजहों से सोने-चांदी की कीमतों में नरमी देखने को मिल रही है। सोने-चांदी के कारोबार की सोमवार को सुस्त शुरुआत हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 845 रुपये की गिरावट के साथ 1,42,633 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,43,478 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,658 रुपये की गिरावट के साथ 1,41,820 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,43,633 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,41,557 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 4,016 रुपये की गिरावट के साथ 2,18,648 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,22,664 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 4,889 रुपये की गिरावट के साथ 2,17,775 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 2,18,667 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 2,17,277 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 4,106.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,113.70 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 38.10 डॉलर की गिरावट के साथ 4,075.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 59.71 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 60.16 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 1.40 डॉलर की गिरावट साथ 58.76 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# एनटीपीसी छत्तीसगढ़ में 20,456 करोड़ का निवेश करेगी

## लारा सुपर तापीय परियोजना के तीसरे चरण के लिए बोर्ड ने दी स्वीकृति

नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी बिजली कंपनी एनटीपीसी ने छत्तीसगढ़ में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 1,600 मेगावाट क्षमता वाली लारा सुपर तापीय विद्युत परियोजना के तीसरे चरण के लिए 20,456.70 करोड़ रुपये के भारी-भरकम निवेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल की 11 जुलाई को हुई बैठक में इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर लगाई गई।

यह विस्तार परियोजना न केवल देश में बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, बल्कि बिजली ग्रिड में तापीय और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बेहतर समायोजन में भी मदद करेगी। एनटीपीसी का यह निवेश देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और भविष्य के ऊर्जा परिदृश्य को मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ

## सेंसेक्स 47अंक , निफ्टी 4 अंक उछला



मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। आज दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक वैश्विक संकेतों के साथ ही उतार-चढ़ाव जारी रहने से बाजार में उत्साह नहीं था। । सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन आईटी शेयरों में तेजी से बाजार अंत में बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 47.01 अंक उछलकर 77,616.40 पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.10 अंक बढ़कर 24,211 पर बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप भी हल्की तेजी के साथ बंद हुआ। आज सेक्टरवार देखें तो निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी मेटल में सबसे ज्यादा गिरावट रही जबकि निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा तेजी आई । इसके बाद निफ्टी मीडिया और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में भी बढ़त रही। निफ्टी ऑटो में और निफ्टी प्राइवेट बैंक व निफ्टी पीएसयू बैंक में भी तेजी रही।वहीं इसके विपरीत, निफ्टी एफएमसीजी में गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी मेटल , निफ्टी इंफा और निफ्टी रियल्टी में गिरावट आई। निफ्टी फार्मा और निफ्टी एनर्जी भी नीचे आये। निफ्टी में टीसीएस और एचसीएलटेक में बढ़त दर्ज की गई और ये दिन के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज ऑटो और एनटीपीसी के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जबकि, सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले शेयरों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर रहे ।जानकारों के अनुसार अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले बढ़ाने के बाद से ही ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 3 तेजी आई है जिससे बाजार पर दबाव आया है। ।वहीं इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सुबह शुरुआत के बाद निफ्टी 50 178 अंक की गिरावट के साथ 24,029.75 पर कारोबार कर रहा था। वहीं बीएसई सेंसेक्स 637 अंक टूटकर 76,931.95 के स्तर पर आ गया। वहीं अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए, जहां एनवीडिया और मेटा जैसी टेक कंपनियों में खरीदारी देखने को मिली।

# स्मार्टवर्क्स को पुणे में 58 करोड़ का मेगा लीज़ कॉन्ट्रैक्ट

## ब्रिटिश कंपनी को 930 से अधिक सीटें पट्टे पर दीं

नई दिल्ली ।

सह-कार्यस्थल उपलब्ध कराने वाली कंपनी स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेस लिमिटेड ने पुणे में ब्रिटेन की एक प्रमुख वैश्विक कंपनी को 930 से अधिक सीटें पट्टे पर दी हैं। इस बड़े सौदे से कंपनी को आगामी पांच वर्षों में कुल 58 करोड़ रुपये की किराये से आय होने की उम्मीद है। गुरुग्राम स्थित स्मार्टवर्क्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह लीज़ समझौता ब्रिटेन की एक वैश्विक पेशेवर सेवा और प्रौद्योगिकी कंपनी की भारतीय अनुषंगी इकाई के साथ किया गया है। कंपनी ने गोपनीयता के चलते लीज़ पर सीटें लेने वाली फर्म के नाम का खुलासा नहीं किया है। स्मार्टवर्क्स के लिए यह एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जो भारतीय कोवर्किंग बाजार में इसकी बढ़ती पैठ को दर्शाता है। यह समझौता 60 महीने यानी पांच साल की अवधि के लिए हुआ है, जिससे कंपनी को अगले पांच वर्षों में 58 करोड़ रुपये की निश्चित आय प्राप्त होगी। यह सौदा स्मार्टवर्क्स के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा ।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने बनाया रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर

## फिजिकल एआई आधारित रोबोटिक्स पर जोर, सीईओ को सीधे रिपोर्ट करेगा नया संगठन



सियोल ।

रोबोटिक्स कारोबार को विस्तार देने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर की स्थापना की है। नया संगठन रोबोटिक्स के व्यावसायीकरण से जुड़े कारोबार विकास, आपूर्ति श्रृंखला और विनिर्माण संचालन को एकीकृत रूप से संभालेगा।

एक जुलाई 2026 से प्रभावी यह बदलाव कंपनी के वार्षिक संगठनात्मक पुनर्गठन से पहले किया गया है। एलजी का कहना है कि इससे फिजिकल एआई आधारित रोबोटिक्स को भविष्य के प्रमुख कारोबार के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। नया केंद्र सीधे सीईओ ल्यू जे-चेओल को रिपोर्ट करेगा।रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर का नेतृत्व सॉन्ग सी-योंग करेंगे। वह इससे पहले एलजी के प्रोडक्शन इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट में प्रमुख जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। केंद्र व्यापार विकास, बिक्री और संचालन से जुड़े सभी पहलुओं पर काम करेगा।एलजी ने रोबोट प्रशिक्षण और तकनीकी विकास के लिए एक समर्पित डेटा फैक्ट्री संगठन बनाने की भी घोषणा की है। इसके तहत सियोल के यांगजे आरएंडडी कैंपस में बड़े पैमाने की डेटा फैक्ट्री तैयार की जा रही है। यहां से मिलने वाले उच्च गुणवत्ता वाले डेटा का उपयोग एलजी के रोबोट फाउंडेशन मॉडल (आरएफएम) को बेहतर बनाने में किया जाएगा।कंपनी के अनुसार, नई संरचना से निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और रोबोटिक्स रणनीति, तकनीकी विकास तथा लागत प्रतिस्पर्धा को मजबूती मिलेगी।

# यूपी टी20 सीजन चार का शेड्यूल आया सामने, पहली बार दो शहरों में होस्ट की जाएगी लीग

**कानपुर (एजेंसी)।** यूपी टी20 लीग (यूपी टी 20 सीजन 4) 14 अगस्त से 6 सितंबर तक होगी। 24 दिन के इस टूर्नामेंट में 34 मैच होंगे, जिसमें 13 डबल हेडर मैचडे और 8 सिंगल-हेडर मैचडे शामिल हैं, ऑर्गनाइजर ने रविवार को यह घोषणा की। लीग के इतिहास में पहली बार यूपी टी20 को 2 शहरों में होस्ट किया जाएगा। टूर्नामेंट का पहला फेज भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेला जाएगा, जहां 13 मैचडे में 22 मैच होंगे।

दूसरा फेज ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में शिफ्ट होगा, जहां 11 मैचडे में बाकी 12 मैच होस्ट किए जाएंगे। यूपी टी20 सीजन 4 की ओपनिंग सेरेमनी और पहला मैच लखनऊ में होगा, जबकि कानपुर में फाइनल और क्लोजिंग सेरेमनी होगी, जिससे टूर्नामेंट का शानदार समापन होगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की गवर्निंग काउंसिल की रविवार को मीटिंग हुई और यूपी टी 20 लीग के चौथे एडिशन के आयोजन से जुड़े कई खास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

इस मौके पर, यूपीसीए ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद, राजीव शुक्ला का खेलों के विकास के लिए लगातार गाइडेंस, सपोर्ट और कमिटमेंट के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया। गवर्निंग




काउंसिल ने टूर्नामेंट के शेड्यूल, जगहों, प्लेयर ऑक्शन, टूर्नामेंट ऑपरेशन, टैलेंट डेवलपमेंट और कॉम्पिटिशन की दूसरी खास बातों पर भी डिटेल में बातचीत की।

यूपी टी20 सीजन 4 का मिनी ऑक्शन 24 जुलाई को आगरा में होगा, जिसमें लीग की छह फ्रेंचाइजी में 45 प्लेयर स्लॉट उपलब्ध होंगे। इसके अलावा गवर्निंग काउंसिल ने रिटेंशन पॉलिसी, प्लेयर सिलेक्शन प्रोसेस, कैचमेंट एरिया ट्रायल्स, सपोर्ट स्टाफ सिलेक्शन गाइडलाइंस और मिनी ऑक्शन रेगुलेशन को मंजूरी दी, जिससे पूरे टूर्नामेंट में ट्रांसपेरेंसी, फेयरनेस और हाई प्रोफेशनल स्टैंर्ड सुनिश्चित होंगे। लोकल टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए, कैचमेंट एरिया मॉडल लागू रहेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के उभरते हुए क्रिकेटरों को अपनी स्किल्स दिखाने के ज्यादा मौके मिलेंगे। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना यूपी टी20 लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रहेंगे। लीग का पॉपुलर ऑफिशियल एंथम, खिलाड़ी यहां बनता है (चैंपियंस यहां बनते हैं), इस सीजन में भी जारी रहेगा। शानदार परफॉर्मेंस को इनाम देने के लिए लीग ने कुल 3 करोड़ रुपए का प्राइज पूल रखा है। चैंपियन को 1 करोड़ रुपए, रनर-अप को 60 लाख रुपए मिलेंगे जबकि दूसरी टॉप परफॉर्म करने वाली टीमों और खिलाड़ियों को भी आकर्षक कैश अवॉर्ड मिलेंगे।

# हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने छोड़ा सीएसके का साथ

## 18 साल बाद अलग हुए, कहा- टीम हमेशा दिल के करीब रहेगी, 5 आईपीएल टाइटल जिताए

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और उसके हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग का 18 साल पुराना साथ खत्म हो गया। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को सोशल पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। सीएसके ने एक्स पर लिखा- 'हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। हमने आईपीएल इतिहास की सबसे सफल और लंबे समय तक चलने वाली पार्टनरशिप में से एक को साझा किया है। आपने जो विरासत बनाई है, वह हमें प्रेरित करती रहेगी। बेहद सम्मान और आभार के साथ, धन्यवाद स्टीफन।' न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग आईपीएल के पहले सीजन में बतौर खिलाड़ी चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े थे। 2009 में उन्होंने कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली और 2010 में पहला टाइटल जिता दिया।




### आईपीएल के सबसे सफल कोच हैं फ्लेमिंग

फ्लेमिंग की रणनीति, शांत नेतृत्व और खिलाड़ियों पर भरोसा सीएसके की पहचान बन गया। उनकी और एमएस धोनी की जोड़ी को आईपीएल इतिहास की सबसे सफल कोच-कप्तान जोड़ियों में गिना जाता है।

फ्लेमिंग ने कहा-18 साल खेल में एक पूरी जिंदगी के बराबर होते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे बड़ा सम्मान रहा। हमने साथ मिलकर यादगार जीत हासिल कीं। मुश्किल दौर देखे और ऐसी यादें बनाई जो हमेशा मेरे साथ रहेंगी। छ्स्र्थ हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। मैं आगे भी टीम को सपोर्ट करता रहूंगा।

# भारत ने लॉर्ड्स का पहला महिला टेस्ट जीता

## इंग्लैंड को 270 रन से हराया, यस्तिका का शतक, मंधाना ने दोनों पारियों में फिफ्टी लगाई

**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने लॉर्ड्स में खेले गए पहले महिला टेस्ट में इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया। भारत ने इंग्लैंड को 457 रन का टारगेट दिया था, लेकिन चौथे दिन टीम दूसरी पारी में 186 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की टीम 170 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत को 115 रन की बढ़त मिली। इसके बाद दूसरी पारी में भारत ने 341/7 पर घोषित कर इंग्लैंड को 457 रन का टारगेट दिया। दूसरी पारी में यस्तिका भाटिया ने 113 रन की पारी खेली। वहीं स्मृति मंधाना ने 70 रन बनाए। स्मृति ने पहली पारी में भी 83 रन बनाए थे। ऋचा घोष ने भी नाबाद 50 रन बनाकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।




**पहली पारी में क्रांति ने 5 विकेट लिए** - इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शेफाली वर्मा बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना (83), कप्तान हरमनप्रीत कौर (58) और दीप्ति शर्मा (57) की पारियों से भारत ने 285 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन फिलर ने 2-2 विकेट लिए।

जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई। क्रांति गौड़ ने 5 विकेट झटके। सयाली सतघारे और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा को एक सफलता मिली। एमी जोन्स ने 52 और कप्तान नेट सिवर-ब्रंट ने 44 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके।

**यस्तिका ने रचा इतिहास, भारत ने मैच पर कब्जा जमाया** - 115 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी खेलने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 88 रन की शुरुआत दी। इसके बाद यस्तिका भाटिया ने जिम्मेदारी संभालते हुए 113 रन की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने स्मृति के साथ 73 और दीप्ति शर्मा के साथ 52 रन की साझेदारी की। ऋचा घोष ने नाबाद 50 और सयाली सतघारे ने नाबाद 18 रन बनाकर भारत को 341/7 तक पहुंचाया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने 5 विकेट लिए, लेकिन भारत ने 456 रन की बढ़त हासिल कर ली।

**चौथे दिन भारतीय स्पिनरों ने खत्म किया मुकाबला** - 457 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टैमी ब्यूमोंट, माया बुशियर, हीदर नाइट और कप्तान नेट-ब्रंट जल्दी आउट हो गईं। एमी जोन्स ने 54 और सोफी एक्लेस्टोन ने 50 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड ज्यादा देर टिक नहीं सका। स्नेह राणा ने 4 विकेट लिए। सयाली सतघारे, क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। इंग्लैंड की पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई और भारत ने मुकाबला 270 रन से जीत लिया।

# सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन जीता

## ● ज्वेरेव को चार सेट में हराया; युवराज सिंह, अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी मैच देखने पहुंचे

**लंदन (एजेंसी)।** वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ 24 वर्षीय सिनर लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बने। वे ओपन एरा में विंबलडन पुरुष एकल खिताब बचाने वाले इतिहास के सिर्फ 10वें खिलाड़ी बन गए। 24 साल के सिनर ने पहली बार फाइनल खेल रहे में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीती। यह मैच 3 घंटे 46 मिनट तक चला। इसी के साथ सिनर ने करियर का 100वां ग्रैंड स्लैम मैच जीतने की अचीवमेंट भी हासिल की। चैंपियन बनने पर सिनर को 36 लाख पाउंड (करीब 42 करोड़) की इनामी राशि भी मिली। वे एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 बने रहेंगे। उनके और नए नंबर-2 बनने वाले ज्वेरेव के बीच 4,970 अंकों का अंतर रहेगा।



### यह 5वां ग्रैंडस्लैम टाइटल, इस साल पहला

यह सिनर के करियर का 5वां ग्रैंड स्लैम और 2026 सीजन का पहला मेजर खिताब है। इससे पहले वे फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने ग्रास कोर्ट पर शानदार वापसी की। सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराने के बाद फाइनल में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया।

# स्मृति मंधाना का लॉर्ड्स में चला बल्ला

## ● लगाया दूसरा अर्धशतक; दूसरी पारी में भी शतक लगाने से चूकीं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच की सीरीज की दूसरी पारी में भी अपने बल्ले का दम दिखाया और इस बार भी वो शतक लगाने से चूक गईं। स्मृति मंधाना पहली पारी में भी शतक के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन वो लॉर्ड्स में शतक नहीं लगा पाईं। दूसरी पारी में भी उनके पास मौका था जो उनके हाथ से निकल गया। हालांकि मंधाना टेस्ट क्रिकेट में दोनों पारियों में 70 रन ये उससे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।

# राहुल द्रविड़ बन सकते हैं इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच

## एंडी फ्लावर, फ्लिंटॉफ और लैंगर के नाम पर भी चर्चा; मैकुलम को हटाया

**लंदन (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बनने की दौड़ में शामिल हैं। ब्रेंडन मैकुलम के पद छोड़ने के बाद ईसीबी (इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड) पॉसिबल कैंडीडेट्स के नाम पर विचार कर रहा है, जिसमें द्रविड़ का नाम भी है।

डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ उन चुनिंदा कैंडीडेट्स में शामिल हैं, जिन पर ईसीबी विचार कर रहा है। इस लिस्ट में एंडी फ्लावर, एंड्रयू फ्लिंटॉफ और जस्टिन लैंगर जैसे नाम शामिल हैं। एक दिन पहले रविवार 12 जुलाई को ईसीबी ने मैकुलम को टेस्ट कोच के पद हटाने की जानकारी दी।



**द्रविड़ की कोचिंग स्ट्राइल बनी बड़ी ताकत** - द्रविड़ की प्लांड कोचिंग, खिलाड़ियों को विकसित करने की क्षमता और लंबे समय की सोच उन्हें इस पद के लिए मजबूत दावेदार बनाती है। 53 साल द्रविड़ के कार्यकाल में भारत ने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। टीम 2023 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंची थी। भारत की अंडर-19 और ए टीम के साथ उनका काम भी काफी सराहा गया है।

**फुल-टाइम कोचिंग के इच्छुक नहीं हैं द्रविड़** - रिपोर्ट में यह भी लिखा गया कि द्रविड़ फुलटाइम कोचिंग की जिम्मेदारी लेने के इच्छुक नहीं हैं। इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच बनने पर उन्हें परिवार के साथ अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा और टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने का अवसर भी मिलेगा। इसलिए ईसीबी कम से कम उनकी रुचि जरूर जानना चाहेगा।

● **एंडी फ्लावर सबसे मजबूत दावेदार** - पूर्व जिम्बाब्वे कप्तान एंडी फ्लावर भी इस पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। उनके कार्यकाल में इंग्लैंड ने तीन एशेज सीरीज जीती थीं। साथ ही टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया था। रिचर्ड डॉसन, श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा और पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन के नाम भी संभावित उम्मीदवारों में शामिल बताए जा रहे हैं। ईसीबी अगले साल होने वाली एशेज सीरीज को ध्यान में रखते हुए जल्द ही नए टेस्ट मुख्य कोच की नियुक्ति करना चाहता है।

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप

# सेमीफाइनल में 35 साल बाद सभी पूर्व चैंपियंस

## अर्जेंटीना-इंग्लैंड की 40 साल पुरानी राइवलरी, एम्बाप्पे का फ्रांस यमाल के स्पेन से खेलेगा

**अटलांटा (एजेंसी)।** फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए हैं। फुटबॉल की चार दिग्गज टीमें- अर्जेंटीना, इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन ने टॉप-4 में प्रवेश किया है। 1990 के बाद यह पहला मौका है, जब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में सिर्फ पूर्व चैंपियन टीमें पहुंची हैं। एक खास बात और है, ये चारों टीमें फीफा रैंकिंग में टॉप-4 में शामिल हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब रैंकिंग की टॉप-4 टीमों सेमीफाइनल में पहुंची हैं और खिताब से सिर्फ दो जीत दूर हैं। मंगलवार को किलियन एम्बाप्पे की फ्रांस और लामिन यमाल के स्पेन आमने-सामने होंगे, जबकि बुधवार को लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना और हैरी केन की इंग्लैंड के बीच मैच खेला जाएगा।




**अर्जेंटीना - इंग्लैंड** - अर्जेंटीना और इंग्लैंड की भिड़ंत सिर्फ फुटबॉल तक सीमित नहीं रही है। 1982 के फॉकलैंड युद्ध से लेकर वर्ल्ड कप के कई विवादित मुकाबलों तक दोनों देशों की राइवलरी काफी पुरानी है।1986 वर्ल्ड कप में डिएगो माराडोना के चर्चित हैंड ऑफ गॉड गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराया था। 1998 में डेविड बेकहम को रेड कार्ड मिला और अर्जेंटीना ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की।2002 में बेकहम ने पेनल्टी गोल कर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। अब मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरा खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा।

**स्पेन - फ्रांस** - दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस और स्पेन की टक्कर होगी। दोनों टीमें 2 साल पहले यूरोपीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भी भिड़ी थीं, जहां स्पेन ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। फ्रांस के पास किलियन एमबाप्पे, माइकल ओलिसे और डिजिरे डुए जैसे स्टार खिलाड़ी हैं, जबकि स्पेन की उम्मीदें युवा स्टार लामिन यामाल और मिडफील्डर मिकेल मेरिनो पर टिकी होंगी। मेरिनो ने लगातार दो नॉकआउट मुकाबलों में निर्णायक गोल कर स्पेन को जीत दिलाई है।

**मेसी के पास इतिहास रचने का मौका** - 39 साल लियोनेल मेसी अपने करियर का आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे हैं। उनके नाम विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा 21 गोल हैं।अगर मेसी अर्जेंटीना को लगातार दूसरा वर्ल्ड कप दिलाने में सफल रहते हैं, तो वह डिएगो माराडोना के बराबर नहीं, बल्कि उनसे भी आगे निकल जाएंगे।अर्जेंटीना अगर खिताब जीतता है तो वह 1962 के बाद लगातार दो वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बनेगी। इससे पहले ब्राजील और इटली यह कारनामा कर चुके हैं।

# अदिति अशोक एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 56वें स्थान पर पहुंची

**एवियन ले बेंस (फ्रांस) (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 74 के लचर प्रदर्शन के साथ रविवार को यहां 2026 आमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहीं।

दक्षिण कोरिया की हेइ रेन रयु ने पहले प्ले ऑफ में बर्डी पट के साथ लगातार दूसरा मेजर खिताब अपने नाम किया। शुरुआती तीन दौर में 70, 70 और 69 के स्कोर के साथ अदिति के पास अच्छा नतीजा हासिल करने का मौका था लेकिन वह अंतिम होल में पांच बोगी और दो बर्डी से तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं। दो हफ्ते पहले 2026 केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले रयु ने प्ले ऑफ में कनाडा की ब्रूक हेंडरसन को पछाड़ा। रयु ने इसी गोल्फ कोर्स पर 2015 में आमुंडी एवियन जूनियर्स कप भी जीता था।



# ब्रेंडन मैकुलम की बर्खास्तगी पर भड़की इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर एलेक्स, ईसीबी को लगाई फटकार

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे ऐतिहासिक महिला टेस्ट के दौरान इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा ब्रेंडन मैकुलम को पुरुष टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद से हटाने की घोषणा विवादों में आ गई है। इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर एलेक्स हार्टले ने इस फैसले के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे महिला क्रिकेट के इस ऐतिहासिक मुकाबले की अहमियत कम हो गई।

**ऐतिहासिक मैच से हट गया सबका ध्यान** - एलेक्स हार्टले ने कहा कि लॉर्ड्स में खेला जा रहा यह मुकाबला महिला क्रिकेट के इतिहास का बेहद खास पल है। ऐसे समय में मैकुलम की विदाई का ऐलान करना समझदारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि ईसीबी चाहती तो इस घोषणा को टेस्ट खत्म होने तक टाल सकती थी। उनके मुताबिक इससे क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का पूरा ध्यान महिला टेस्ट से हट गया।



**ईसीबी की मंशा पर भी उठाए सवाल** - हार्टले ने बोर्ड की महिला क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर ईसीबी वास्तव में महिला क्रिकेट का सम्मान और विकास चाहता है तो उसे केवल बयान देने के बजाय अपने फैसलों से भी यह दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा, इस फैसले का कोई मतलब नहीं बनता। मंगलवार तक इंतजार किया जा सकता था। इंग्लैंड भले ही यह टेस्ट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन मैच अभी खत्म नहीं हुआ है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक मुकाबला है।

**सिर्फ बातें नहीं, काम से दिखाइए सम्मान** - हार्टले ने माना कि मंगलवार से इंग्लैंड पुरुष टीम को भारत के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है, इसलिए ईसीबी घोषणा जल्द करना चाहता था। लेकिन उनके मुताबिक महिला क्रिकेट के लिहाज से यह टेस्ट उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, अगर आप कहते हैं कि महिला क्रिकेट का सम्मान करते हैं और उसे आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो सिर्फ बातें मत कीजिए। इस खबर को सोमवार शाम या मंगलवार सुबह तक रोका जा सकता था।

# वायरल संक्रमण से सुरक्षित रहेंगे आपके बच्चे




इस मौसम में वायरल संक्रमण की आशंका काफी बढ़ जाती है। प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण खासकर बच्चे इसकी चपेट में सबसे ज्यादा आते हैं, लेकिन आप अपने बच्चे को इन संक्रमणों की चपेट में आने से वक्त रहते बचा सकते हैं। वायरल संक्रमणों में भी रोटावायरस और एंटरिक वायरल (आंत संबंधी संक्रमण) जैसी बीमारियां बड़ों की तुलना में बच्चों के लिए अधिक गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

बाल अवस्था के ज्यादातर वायरल संक्रमण ज्यादा गंभीर नहीं होते। इनमें सर्दी लगना, नाक बहना, आंखों से पानी निकलना, गले में खराश होना, बुखार होना, त्वचा पर चकत्ते पड़ना और उल्टी व दस्त जैसी विभिन्न बीमारियां शामिल हैं। व्यापक पैमाने पर चलाए गए टीकाकरण के चलते खसरा जैसे गंभीर खतरे पैदा करने वाली कुछ संक्रामक बीमारियां अब कम ही देखने को मिलती हैं।

## ...तो बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाएं

यदि आपके बच्चे में बीमारी के लक्षण एक सप्ताह से ज्यादा दिखाई दें, तो उसे डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए। यह शरीर की तरफ से स्पष्ट तौर पर वायरल संक्रमण के खिलाफ एक कॉल हो सकती है, जो न्यूमोनिया आदि जैसी गंभीर बीमारी में बदल सकती है। ऐसे समय में बच्चे का रक्त परीक्षण कराकर मलेरिया, डेंगू, टाइफॉइड, चिकनगुनिया, अर्बोवायरस आदि बीमारियों समेत संपूर्ण ब्लड काउंट अवश्य जांच लेना चाहिए। मौसम में बदलाव या भारी बारिश होने के दौरान अभिभावक अमूमन अपने बच्चों की अतिरिक्त देखभाल करते ही हैं, लेकिन यह जानना बेहद अहम है कि बच्चों को अन्य मौसम में भी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है।

## बच्चों को सुरक्षित रखने के उपाय

**रूमाल की जगह टिश्यू पेपर रखें :** अभिभावक आमतौर पर अपने बच्चों की बहती नाक और मुंह बार-बार पोंछने के लिए सूती रूमाल अपने साथ रखते हैं। यह बेहद खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे बच्चे बार-बार संक्रमण के संपर्क में आते हैं। कपड़े के रूमाल की तुलना में भीगे मेडिकेटिड स्किनकेयर वाइप और टिश्यू पेपर त्वचा के लिए ज्यादा कोमल साबित होते हैं और इनकी सबसे अच्छी बात ये है कि इन्हें उपयोग करने के बाद आसानी से फेंका जा सकता है। अभिभावकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हाथों में चिपक जाने वाले हानिकारक विषाणुओं से बचाव के लिए नाक साफ करने के बाद हर बार तुरंत अपने हाथ पानी व साबुन की मदद से अच्छी तरह से धोएं। इतना ही नहीं बच्चों को पड़ोस या स्कूल में खेलते समय उन बच्चों से दूर रखना चाहिए, जो संक्रामक बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। अच्छी तरह हाथ धोने और नाखूनों की सफाई करते हुए उचित स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है।

## सफाई का ध्यान रखें

मच्छर, मक्खी, खटमल आदि हानिकारक कीटाणुओं एवं विषाणुओं के सबसे सक्रिय वाहक होते हैं। बच्चे इनका सबसे आसान निशाना होते हैं। मच्छरों से बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा नहीं होने दें। सुबह और शाम के समय बच्चों को घर से बाहर कम ही निकलने दें। अपने आस-पड़ोस में कूड़ा-कबाड़, बेकार कंटेनर और डिब्बे आदि जमा नहीं होने दें, क्योंकि इनमें ही मच्छरों का प्रजनन होता है।

## समय पर टीकाकरण

शिशुओं और बच्चों को जानलेवा संक्रमण और बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण सबसे अच्छा और प्रभावी तरीका है। इसके बावजूद माता-पिता इस पहलू की अनदेखी करते हैं। बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर ही अभिभावक उन्हें टीका लगवाने के लिए हॉस्पिटल ले जाते हैं।

डिफ्थीरिया, टेटनस, और हूपिंग कफ (काली खांसी), पोलियो (आईपीवी), रोटावायरस (आरवी), इन्फ्लुएंजा (फ्लू), खसरा, कंठमाला, रूबेला (एमएमआर) से बचाव के लिए बच्चे को शुरू से निर्धारित समय पर बीमारियों से संबंधित टीके अवश्य लगवाएं।

## प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करना

वायरल संक्रमणों से बचाव करने के लिए बच्चों के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करना सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। इसके लिए बच्चों को संतुलित खुराक के साथ पौष्टिक खाना दें। नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध सबसे अच्छा पौष्टिक भोजन होता है। ताजा फल और सब्जी हर उम्र के बच्चों के लिए आवश्यक होते हैं। पानी, दूध और फलों के जूस के जरिए बच्चों के शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखें। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए हानिकारक सोडा, चिप्स, चॉकलेट और कुकीज जैसे खाद्य पदार्थ कम-से-कम दें। उनके खान-पान में दलिया एवं अनाज को प्रमुखता से शामिल करें, क्योंकि इनसे उन्हें बहुत सारे पोषक तत्व मिलते हैं।

## माता-पिता भी रखें अपना ध्यान

माता-पिता को वायरस से बचाव के लिए अपना भी ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि माता या पिता में से किसी एक को भी संक्रमण होने पर बच्चों के इसकी चपेट में आने की आशंका काफी बढ़ जाती है।

## रेसिपी



### दूध की सेवइयां

**सामग्री**

- सेवई: ½ कप
- चीनी: ½ कप
- घी: 2 बड़े चम्मच
- काजू कतरे हुए: 8-10
- बादाम: 8-10
- इलायची: 4

**विधि**

सबसे पहले काजू और बादाम छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद गैस पर एक कड़ाही चढ़ा लें। इसमें घी डालकर गर्म करें। घी गर्म होने पर इसमें सेवइयां डालकर उसे हल्का ब्राउन होने तक फ्राई करें। फिर उसमें कटे हुए बादाम और काजू डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर थोड़ी देर और फ्राई करें। हल्के फ्राई होने पर सेवइयों को एक सूखी प्लेट में निकाल लें। अब सेवइयों को मीठा करने के लिए चाश्नी बना लें। इसके लिए एक गहरी तली वाला एक बर्तन लेकर उसमें पानी डाल दें। पानी के उबालने पर इसमें चीनी डालकर तब तक पानी को पकाएं। जब तक चीनी पानी में पूरी तरह से घुल नहीं जाती। जब चीनी पानी में घुल जाए तो इसमें भुनी हुई सेवइयां डालकर उसे ढक दें। सेवइयों को चाश्नी में 5 मिनट तक मध्यम आंच पर पकने दें। इसके बाद इसमें इलायची पाउडर डालकर एक बार फिर अच्छे से 5 मिनट तक चलाते हुए मिक्स कर लें। 5 मिनट बाद गैस बंद करके सेवइयों को प्लेट से ढक दें। थोड़ी देर बाद सेवइयों को एक सर्विंग बाउल में निकालकर गरमा गरम सर्व करें।



### ओट्स की रोटी

**सामग्री**

- ओट्स : ½ कप
- प्याज : ¼ कप
- होलव्हीट आटा : 1 कप
- धनिया : 1/ कप
- तेल : 1 टेबलस्पून
- चिली पाउडर : ½ टेबलस्पून
- नमक : 1 टेबलस्पून

**विधि**

एक कटोरे में गेहूं का आटा लें। इसमें ओट्स, कटी हुई प्याज, धनिया, हरी मिर्च, नमक और तेल डालकर अच्छे से मिलाएं। थोड़ा सा पानी डालकर इसका मुलायम आटा अच्छी तरह से गूंथ लें। इसे ढक कर आधे घंटे के लिए रख दें। अब आटे की छोटी-छोटी लोई बना लें और सामान्य रोटी की तरह बेल लें। गर्म तवे पर इसे दोनों तरफ से अच्छे से सेक लें। आप चाहें तो इस पर तेल लगाकर भी सेक सकती हैं। अच्छी तरह सिकी गरमागरम और कुरकुरी ओट्स रोटी लो फैट दही के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू …): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर


संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान

सह संपादक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,
सह संपादक: राम सिंह यादव उपसंपादक
राकेश द्विवेदी

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## काकुरो पहेली - 3947




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3946 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली-'मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.'

'वह कैसे ?'

'एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले-'बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.'

'बस ?' दूसरी महिला हंसती हुई बोली-'मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.'

'तुम भी सुनाओ !'

'एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?'

'क्या पूछा ?'

'यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूँ.'

□ □ □

एक दोस्त ने दूसरे से कहा-'यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.'

'क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?' मित्र ने पूछा.

'नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूँ, वह एक ही जवाब देता है-'मेरे पास पैसे नहीं हैं'.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3947



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3946



## सूडोकु -3947

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3946 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली -3947



**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली -3946 का हल



सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी